कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 302, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 28 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया

'जी-20 की मेजबानी मिलना गर्व की बात'

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। मोदी ने इस दौरान जी 20 से लेकर विक्रम एस रॉकेट और ड्रोन क्षेत्र में भारत की सफलता को लेकर अपने विचार रखे। मन की बात में पीएम मोदी की बड़ी बातें आपको बताते हैं।

जी-20 की मेजबानी मिलने से सीना चौड़ा: तेलंगाना के राजन्ना सिर्सिल्ला जिले के बुनकर येल्धी हरिप्रसाद गारू ने मुझे अपने हाथों से जी-20 का लोगो बुन करके भेजा है। ये शानदार उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। हरिप्रसाद जी ने जी-20 के लोगो के साथ ही मुझे चिट्ठी भेजी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि अगले साल इस सम्मेलन की मेजबानी करना भारत के लिए गौरव की बात है। देश की इस उपलब्धि की खुशी में उन्होंने लोगो अपने हाथों से तैयार किया है। बुनाई की ये प्रतिभा उन्हें अपने पिता से विरासत में मिली है। जब मुझे हरिप्रसाद गारू द्वारा भेजा गया ये उपहार मिला, तो मेरे मन में एक और विचार उठा। तेलंगाना के किसी जिले में बैठा व्यक्ति भी जी-20 जैसी समिट से खुद को कितना जुड़ाव महसूस कर सकता है, ये देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। आज हरिप्रसाद गारू जैसे अनेकों लोगों ने मुझे चिट्ठी भेजकर ये लिखा है कि देश को इतने बड़े समिट की मेजबानी मिलने से उनका सीना चौड़ा हो गया है।

जी-20 की अध्यक्षता बड़ा अवसर: जी-20 की दुनिया की आबादी में दो-तिहाई, विश्व व्यापार में तीन-चौथाई, और विश्व जीडीपी में 85% भागीदारी है। आप कल्पना कर सकते हैं- भारत अब से 3 दिन बाद यानी 1 दिसंबर से इतने बड़े समूह की इतने सामर्थ्यवान समूह की, अध्यक्षता करने जा रहा है। भारत के लिए, हर भारतवासी के लिए, ये कितना बड़ा अवसर आया है। ये इसलिए भी विशेष हो जाता है, क्योंकि ये जिम्मेदारी भारत को आजादी के अमृतकाल में मिली है। **जी-20** की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा अवसर बनकर आया है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर फोकस करना है।

हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा: 18 नवंबर को पूरे देश ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया इतिहास बनते देखा। इस दिन भारत ने अपने पहले ऐसे रॉकेट को अंतरिक्ष में भेजा, जिसे भारत के निजी क्षेत्र ने डिजाइन और तैयार किया था। इस रॉकेट का नाम है विक्रम-एस। श्रीहरिकोटा से स्वदेशी अंतरिक्ष स्टार्टअप के इस पहले रॉकेट ने जैसे ही ऐतिहासिक उड़ान भरी, हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया।

पीएम ने गिनाई विक्रम-एस की खूबियां

मोदी ने बताया कि विक्रम-एस दूसरे रॉकेट की तुलना में सस्ता और हल्का है। इसकी लागत भी अंतरिक्ष अभियान से जुड़े दूसरे देशों से काफी कम है। कम कीमत में विश्व स्तरीय रक्षा तकनीक भारत की पहचान बन चुकी है। आपको हैरानी होगी कि रॉकेट के जरूरी हिस्से 3डी प्रिंटिंग के जरिए बनाए गए हैं।

कागज के हवाई जहाज बनाने वाले अब प्लेन बना रहे

विक्रम-एस के लॉन्च मिशन को जो प्रारम्भ नाम दिया गया है, वो बिल्कुल सही बैठता है। ये भारत में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक नए युग के उदय का प्रतीक है। आप कल्पना कर सकते हैं जो बच्चे कभी हाथ से कागज का हवाई जहाज बनाकर उड़ाया करते थे, उन्हें अब भारत में ही हवाई जहाज बनाने का मौका मिल रहा है। आप कल्पना कर सकते हैं कि जो बच्चे कभी चांद-तारों को देखकर आसमान में आकृतियां बनाया करते थे, उन्हें अब भारत में ही रॉकेट बनाने का मौका मिल रहा है।

ड्रोन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत- मोदी

पीएम ने कहा कि भारत आज ड्रोन के क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ दिनों पहले हमने देखा कि कैसे हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में ड्रोन के जरिए सेब ट्रांसपोर्ट किये गए। जल्द ही किन्नौरी सेब लोगों तक पहुंचेंगे। इससे किसान भाई-बहनों का खर्चा कम होगा। सेब समय पर मंडी पहुंचा, बर्बादी कम होगी।

भारत में सस्ते मोबाइल डाटा देखकर दुनिया के देशों को अचंभा: मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया बदल रही है, लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ अब मोबाइल चाहिए। इसलिए केन्द्र सरकार डिजिटल इंडिया के मिशन को लेकर चला है। इसका उद्देश्य सभी को डिजिटल माध्यम में सशक्त बनाना है। भारत में मोबाइल डाटा दुनिया के देशों से सस्ता है। इसके कारण लोगों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहे हैं। देश में चार लाख कॉमन सेंटर इसका उदाहरण है। रविवार को नरेन्द्र मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव में भरुच जिले के नेत्रंग में विजय संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने

कहा कि मोबाइल का उपयोग चिकित्सा के क्षेत्र में होने लगा है, लोग मोबाइल के जरिए शहरों के बड़े चिकित्सकों से घर बैठे इलाज करा रहे हैं। मोदी ने कहा कि अब तो 5जी आ गया है। 4जी और 5जी का अंतर एक साइकिल तो दूसरा विमान के समान है। उन्होंने आदिवासी समाज और उनके विस्तार वाले क्षेत्रों में किए गए कामों को भी गिनाया। उन्होंने देश की प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

पार्टी में किसी से नाराज नहीं हूं: थरूर

कोच्चि: कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को अपने ऊपर लगे आरोपों पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की केरल इकाई में न ही किसी से नाराज हैं और न ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी से बात करने में कोई आपत्ति नहीं है। कोच्चि में अखिल भारतीय पेशेवर कांग्रेस के एक राज्य-स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने आए थरूर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी में किसी के खिलाफ बात नहीं की है और न ही निदेशों के खिलाफ काम किया है। अगर किसी को ऐसा लगता है तो सबूत पेश करें।

पीएम की अयोध्या और परमात्मा राम में गहरी आस्था: योगी

अयोध्या: प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निष्ठावान रामभक्त बताया। विपक्ष पर निशाना साधने के साथ ही सीएम ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। कहा, दीपोत्सव में प्रधानमंत्री के आगमन से यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री की अयोध्या और परमात्मा राम में गहरी आस्था है। कहा, सप्तपुरियों में अग्रणी अयोध्या की पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हुई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भव्य राममंदिर का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम नगर बनाने के लक्ष्य से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि पहले की सरकारें अंधकार की आदी थीं इसीलिए अयोध्या और राज्य के अनेक जिलों में बिजली नहीं आती थी। अब बिजली जाती नहीं है। अयोध्या एलइडी लाइट्स से जगमगा रही है। मुख्यमंत्री ने 1056 करोड़ की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत का नाम बढ़ा है। भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। सीएम ने कहाकि जिस ब्रिटेन ने दो सौ वर्षों तक भारत पर शासन किया था, उसे पिछाड़ कर भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है। पहले भारत में स्मार्ट सिटी की कल्पना भी नहीं थी। अब शहरों को समृद्ध किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के साथ स्मार्ट सड़कें भी बन रहीं हैं। शहरी गरीबों को आवास योजना से लाभांवित किया जा रहा है। टू लेन को फोर लेन और फोर लेन को सिक्स लेन किया जा रहा है। उन्होंने अमृत महोत्सव को गौरवमयी बताया। कहा, तमाम लोग इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं ।

गुजरात को 27 साल के कुशासन से मिलेगी राहत: केजरीवाल

अहमदाबाद: गुजरात में विधानसभा चुनाव के तीन दिनों का समय बचा है। ऐसे में सभी दलों के राजनेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। मतदाताओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे किए जा रहे हैं। इस बीच, रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी (आप) गुजरात में सरकार बनाएगी। उन्होंने गुजरात में सरकारी कर्मचारियों से आप को समर्थन देने का आग्रह किया और उनके लिए पुरानी पेंशन योजना अगले साल 31 जनवरी तक लागू करने का

वादा किया। सूरत में पत्रकारों से बात करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली और पंजाब के विधानसभा चुनावों के लिए उनकी भविष्यवाणी सच साबित हुई और गुजरात में भी ऐसा ही होगा।

भारत को दिसंबर में मिलेगी सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता

संयुक्त राष्ट्र। भारत को इस दिसंबर में एक माह के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मिल जाएगी। सुरक्षा परिषद में भारत का कार्यकाल गैर स्थायी सदस्य के रूप में दो वर्षों का है। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के दौरान भारत की प्राथमिकता आतंकवाद के मुद्दे को जोर-शोर से उठाना होगा। बता दें कि यूएनएससी के नियमों के मुताबिक 15 सदस्यीय वाली सुरक्षा परिषद में अक्षर के आधार पर सभी को इसकी अध्यक्षता का अधिकार मिलता है। यूएनएससी में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज का कहना है कि दिसंबर में मिलने

वाली अध्यक्षता के दौरान आतंकवाद से निपटना उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। इस मुद्दे पर भारत ने पिछले दो माह में काफी कुछ काम किया है और सदस्यों के बीच इस विषय पर तालमेल बिठाया है।

दिसंबर में खत्म हो रहा है भारत का कार्यकाल:

बता दें कि भारत 2021-2022 की सदस्यता इस वर्ष दिसंबर में समाप्त हो रही है। इससे पहले भारत को सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता अगस्त 2021 में मिली थी। यूएनएससी की अध्यक्षा की कुर्सी पर इस बार भारत की पहली स्थायी महिला प्रतिनिधि बैठेंगी। गौरतलब हे कि सुरक्षा परिषद विश्व की सबसे ताकतवर संस्था माना जाता है। ऐसे में इसकी अध्यक्षता मिलना भारत के लिए बड़ी बात है। भारत ने पिछली बार भी इसकी अध्यक्षता मिलने पर आतंकवाद का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था।

यूएनएससी में भारत का रुख स्पष्ट: कंबोज का कहना है ।

पेयजल संकट दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी गंगा जल परियोजना : नीतीश

नवादा। नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड के मोततनाजे ग्राम में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगाजल उद्भव परियोजना का उद्घाटन किया । जिस पर की वर्ष से कार्य चल रहे थे।मुख्यमंत्री ने एक संक्षिप्त समारोह में उद्घाटन कार्यक्रम को संपन्न कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पेयजल संकट दूर करने में गंगाजल उद्भव परियोजना मील का पत्थर साबित होगी बढ़ते हुए जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार के पास चुनौतीपूर्ण कार्य थे। निश्चित तौर पर

इन्हीं चुनौतियों को स्वीकार करते हुए सरकार ने इस परियोजना पर काम कर इसे पूरा किया ,जो निश्चित तौर पर भविष्य में पेयजल संकट दूर करने में बड़ी भूमिका निभाएगी। गंगाजल आपूर्ति योजना से पेयजल की कमी से जुझ रहे आम जनों को साल भर 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के साथ-साथ पर्यटकों एवं राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को भी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। गंगा जल आपूर्ति योजना को वर्ष 2051 तक होने वाली जनसंख्या बृद्धि को ध्यान में रखकर क्रियान्वित किया गया है। सरकार की दूरदर्शी सोंच से आने वाली पीढ़ी को भी पेयजल की समस्या से पूर्णतः निजात मिलती रहेगी।

गुजरात: योगी ने केजरीवाल को कहा नमूना

वेरावल: गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की धुंआधार रैलियों को दौर जारी है। शनिवार को भी उन्होंने सौराष्ट्र में तीन रैलियां कीं। इसकी शुरूआत उन्होंने वेरावर में भगवान सोमनाथ के मंदिर में दर्शन व पूजन-अर्चन से की। इसके बाद उन्होंने सोमनाथ की रैली में कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी भी जमकर निशाना साधा।

आम आदमी पार्टी का नमूना यहां आया है: योगी ने कहा- आम आदमी पार्टी का नमूना यहां आया है, वह आतंकवाद का हितैषी है, राम मंदिर का विरोध करता है। जब भारतीय सेना पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करती है तो वह हमारे वीर जवानों से सबूत मांगता है। पाकिस्तान कहता था कि भारत के सैनिकों ने हमारी कमर तोड़ दी, फिर भी आम आदमी पार्टी को सबूत चाहिए होता है। आतंकवाद व भ्रष्टाचार इनके जींस का हिस्सा है। कांग्रेस व आप समाज को तोड़ती है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है और भाजपा का राष्ट्रवाद बिना भेदभाव सबका साथ और सबके विकास का भाव रखता है। किसी भी स्वाभिमानी को कांग्रेस व आम आदमी पार्टी की तरफ नहीं जाना चाहिए। दोनों दल सत्तालोलुप हैं। इन्हें देश की सुरक्षा-समृद्धि से लेना-देना नहीं है, इसलिए आपका भी उनसे कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। इन्हें सत्ता का बंदरबांट चाहिए।

मोदी जी सीएम बने तो दंगा खत्म, पीएम बने तो आतंकी हमले खत्म: गरियाधार विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार केशू भाई नकरानी के पक्ष में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुजरात की धरती महान है। यूपी में जन्मे भगवान कृष्ण कन्हैया यहां आकर द्वारकाधीश हो गए। अयोध्या के पास छपिया में जन्मे भगवान स्वामी नारायण गुजरात में आस्था के प्रतीक बनकर छा गए।

'पुलिस लोगों को घरों में घुसकर धमकी दे रही'

रामपुर: रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा नेता आजम खां ने पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा पुलिस लोगों को घरों में घुसकर धमकी दे रही है। पुलिस लोगों से कह रही है कि अगर सपा को वोट दिया तो उनके घर खाली करा लिए जाएंगे। आजम खां ने कहा कि पुलिस ने उनकी पत्नी को नहीं बख्शा है, जो पूर्व सांसद और पूर्व विधायक हैं। पुलिस ने उनसे कहा है कि घर से बाहर मत निकलना। सपा नेता ने कहा है कि अगर ऐसा ही चुनाव कराना है।

समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय मुद्दा: नड्डा

अहमदाबाद: भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समान नागरिक संहिता को लेकर बड़ी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता एक राष्ट्रीय मुद्दा है। इसे ज्यादा से ज्यादा राज्यों में लागू करना चाहेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने यह बात समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कही। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी लगातार इसको लेकर बात करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह पार्टी के लिए एक राष्ट्रीय मुद्दा है और यह इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर सभी का समान रूप से हक हैं। इसलिए, समान नागरिक संहिता एक स्वागत योग्य कदम है।

देश और समाजविरोधी ताकतों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल की जरूरत: उन्होंने कहा कि देश और समाज के खिलाफ काम करने वाली ताकतों पर नजर रखना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने मानव शरीर का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह शरीर में एंटीबॉडी खराब कोशिकाओं पर नजर रख कर उन्हें खत्म कर देती है और शरीर को स्वस्थ रखती हैं, उसी तरह देश में राष्ट्र-विरोधी कोशिकाओं पर नजर रखना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुछ राष्ट्रविरोधी कोशिकाएं, भूमिगत होकर काम करती हैं ऐसे में इन पर नजर रखने के लिए एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल की आवश्यकता होती है। इससे पहले गुजरात चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करते हुए भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने शनिवार को आतंकवादी संगठनों और भारत विरोधी ताकतों के संभावित खतरों और स्लीपर सेल की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए सेल गठित करने की घोषणा की थी।

मिस्र के राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस पर चीफ गेस्ट

नई दिल्ली: इस बार के गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से बताया गया कि गणतंत्र दिवस 2023 पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी विदेशी मेहमान होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अल-सिसी को भेजा गया औपचारिक निमंत्रण उन्हें विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से 16 अक्तूबर को सौंपा गया था। बता दें कि दोनों देशों ने इसी साल राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ

सिंह ने मिस्र यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अल-सिसी से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मिस्र को 2022-23 में जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान अतिथि देश के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इसमें कहा गया है, ह्यह्यभारत और मिस्र के सभ्यतागत तथा लोगों से लोगों के बीच गहरे संबंधों पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध हैं।

पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर दो की दर्दनाक मौत

पिकअप सहित चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में, मऊआइमा टोल प्लाजा के पास हुआ दर्दनाक हादसा

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा के एन एच 330हाईवे मार्ग पर रविवार को सुबह लगभग साढे नौ बजे रामफल इनारी टोल प्लाजा के पास बुलेट रोक कर एक युवक अपने परिचित से बात कर रहा था तभी प्रतापगढ़ की ओर से तीव्रगति से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौत हो गई ।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा पिकअप चालक को पुलिस हिरासत में ले लिया है।उधर एक अन्य गांव में बाइक सवार ने किशोरी को टक्कर मार दी। जिसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के दुबाही गांव निवासी मोहम्मद फैजान 21 वर्ष पुत्र कयाम उद्दीन अपनी बुलेट से मऊआइमा कस्बा जरूरी काम से रविवार को सुबह लगभग साढे नौ बजे आ रहा था। बताते हैं कि मोहम्मद फैजान रामफल इनारी

पुलिस चौकी स्थित टोल प्लाजा के पास अपने रिश्तेदार मोहम्मद जीशान 17 वर्ष पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम पुरैला थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ को खडा देखा तो बुलेट रोक कर उससे बातें करने लगा। बताते हैं कि प्रतापगढ़ की ओर से आ रही तीव्र गति पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोहम्मद फैजान और मोहम्मद जीशान की मौके पर मौत हो गई।और बुलेट क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना पर पहुची पुलिस ने पिकअप चालक सहित थाने में खडी करा कर दोनों मृतकों पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मोहम्मद फैजान 21 वर्ष के पिता कयाम उद्दीन पुत्र अमीन उद्दीन दुबाही निवासी ने पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मृतक मोहम्मद फैजान 21 वर्ष छह भाईयों में तीसरे नम्बर पर था तीन बहनों से बडा था। उधर मृतक फैजान का रिश्तेदार मोहम्मद जीशान 17 वर्ष निवासी पुरैला देल्हूपुर कक्षा आठ में पढता था। तथा तीन भाईयों में सबसे छोटा और तीन बहनों में दो बहनों से छोटा था । दोनों की मौत की खबरें सुनकर दोनों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। उधर ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी मोईनुद्दीन की पुत्री खुशनुमा बानों 16 वर्ष सडक पार कर रही थी। बताया गया है कि तभी एक बाइक पर दो सवारों ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे खुशनुमा बानों गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर है। बाइक चालक बाइक लेकर भागने में सफल रहा जबकि बाइक सवार के साथी को ग्रामीणों ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

सोरों में आभूषण की दुकान में शटर एवं तिजोरी का ताला तोड़कर लाखों का आभूषण चोरी

अखंड भारत संदेश

जंघई। सरायममरेज थानांतर्गत ग्राम सभा सोरों कटरा बाजार निवासी प्रियांशु केशरवानी पुत्र अशफीर्लाल केशरवानी की आभूषण की दुकान है। मकान के उपरी हिस्से में सपरिवार रहते हैं प्रत्येक दिनों की तरह शनिवार रात दुकान बंद करके उपर कमरे में चले गए। मध्य रात्रि में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गये अंदर रखी आभूषण की तिजोरी को तोड़कर लाखों रुपए का गहना जिसमें 40 ग्राम सोना 4 किलो चांदी तथा नगदी रखा था सब उठा ले गए। सुबह उठने पर प्रियांशु जब नीचे आए तो देखा शटर का ताला टूटा हुआ है अंदर दाखिल हुए तो तिजोरी का भी ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा आभूषण और नगद पैसे गायब थे।

सूचना पर सरायममरेज इंस्पेक्टर तरुणेंद्र त्रिपाठी, चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय पहुंचे और मौके का मुआयना किया। पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने भी पहुंच कर गहन छानबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है क्षेत्र में हुई इस बड़ी चोरी से आम नागरिक हतप्रभ एवं भयभीत हैं कि चोरों के हौसले बुलंद है और ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

दरवाजे पर खड़ी ई रिक्शा को अज्ञात लोगो ने लगाया आग

अखंड भारत संदेश

सिरसा। प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मेजारोड पुलिस चौकी अंतर्गत सोरांव गांव के रेलवे स्टेशन मोहल्ले में घर के दरवाजे पर खड़े ई रिक्शा को अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। बता दें कि मेजा रोड रेलवे स्टेशन मोहल्ला निवासी राहुल कुमार अपनी आजीविका चलाने के लिए ई रिक्शा चलाता है रोज की तरह ही वह शनिवार शाम ई रिक्शा अपने घर के बाहर खड़ा कर सो गया। देर रात्रि ई रिक्शा में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। राहुल ने जब खिड़की से देखा तो उसका रिक्शा जल रहा था। आनन-फानन में वह पानी डालकर जब तक आग बुझाता तब तक ई-रिक्शा का पिछला हिस्सा जल चुका था। अज्ञात लोगों के द्वारा किया गया यह कार्य लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दो दिन पूर्व उसके चाचा के ई रिक्शा में आग लगाई गई थी। भुक्तभोगी ने आरोपियों के खिलाफ चौकी पर तहरीर देने की बात कही है।

शैक्षणिक भ्रमण पर गये छात्र ज्ञानार्जन प्राप्त कर वापस लौटे

अखंड भारत संदेश

करछना। अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल स्मारक गुरुकुलम पब्लिक स्कूल हनुमानपुर का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण रविवार को वापस विद्यालय पहुंचा। शैक्षिक भ्रमण करके और ज्ञानार्जन प्राप्त करके छात्र और छात्राएं प्रसन्न रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य व शैक्षिक भ्रमण के संयोजक रहे प्रकाश नारायण द्विवेदी ने बताया कि प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर ऋषि भरद्वाज आश्रम आनंद भवन श्रृंगवेरपुर धाम के सहित प्रतापगढ़ के मनगढ़ स्थित राधा कृष्ण मंदिर का दर्शनीय स्थल का भ्रमण बच्चों को ज्ञानार्जन हेतु कराया गया । और स कुशल शैक्षिक भ्रमण रविवार शाम को लौटा। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने खूब दर्शनीय स्थलों का लुफ्त भी उठाया। भ्रमण में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी केपी तिवारी अनुराग सिंह सुरेश सिंह शुभम शुक्ल बलराम मिश्र वीरेंद्र सिंह शिखा द्विवेदी कोमल त्रिवेदी राधा शुक्ल प्रिया सिंह सीमा सिंह रूपाली सिंह आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं साथ में रही।

चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए महिला पाच दिन से थाने के चक्कर लगा रही

पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराने के बजाय महिला को लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र में पाच दिन पहले बकरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने गई एक महिला को जनसुनवाई में बैठे सिपाही ने फटकारते हुए भगा दिया। महिला रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पाच दिन से थाने के चक्कर लगा रही है। वही चार दिन पहले एक घर में हुई चोरी के मामले में भी पुलिस रिपार्ट दर्ज करने के बजाय चोरी हुए सामान की लिस्ट मांग रही हैं।

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा करना तो दूर झूंसी पुलिस चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। बतादे की चक हरिहर वन की रहने वाली नन्हकी पत्नी अजय भारतीया बकरी पालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है बीते बुधवार की रात उसके बाड़े से 27 बकरियां चोरी हो गई। पीड़िता मामले की शिकायत लेकर थाने आई।

आरोप है कि जनसुनवाई में बैठे सिपाही ने उसे यह कहते हुए भाग दिया की बकरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं होती। महिला मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट रही है। वहीं नई झूंसी की रहने वाली रीना पत्नी मो. अरमान गुरुवार को परिवार के साथ भाई की शादी में गई थी। घर में चोरी हो गई पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाए खोए हुए सामान की लिस्ट मांग रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति सऊदी में रहते हैं और वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर लगा रही है।

दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ के लिए गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। क्षेत्र के खटगिया गांव स्थित कैलाश धाम मंदिर में अयोजित दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री रामकथा के पूर्व रविवार के दिन कलश यात्रा निकाली गई । गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में क्षेत्र के विभिन्न गांवो के गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

लोक एवं जन्य कल्याण के लिए श्री कैलाश धाम मंदिर में 27 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया गया है ।इसी क्रम में रविवार के दिन यज्ञ स्थल से कलश यात्रा निकाली गई । गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा खटगिया गांव से होते हुए जसरा बाजार का भ्रमन करते हुए यज्ञ स्थल पहुंच सम्पन्न हुई ।

यज्ञ स्थल पर वेदी पूजन का दिव्य कार्यक्रम मौजूद यज्ञाचार्यो द्वारा संपादित किया गया । सोमवार से यज्ञ और श्री राम कथा का कार्यक्रम शुभारम्भ होगा । श्री राम कथा आचार्य राघव जी द्वारा सुनाया जाएगा ।यज्ञ के संयोजक आचार्य अभिषेक शुक्ल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग । कलश यात्रा राजेश त्रिपाठी,अशोक तिवारी,आदित्य शुक्ल,मुकेश दुबे,शुभम दुबे,सुधांशु मिश्र,अजय द्विवेदी,राजधर द्विवेदी,जगृत कुमार पांडेय सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एक दिसंबर से छाएगा कोहरा, अधिकतम तापमान गिरेगा तो दोपहर में भी बढ़ेगी ठंड

प्रयागराज। सुबह और रात में ठंड का अधिक असर है। दोपहर में सूर्य की किरणों की वजह से राहत है। गुनगुनी धूप अब अच?छी लगने लगी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के मौसम को लेकर पूवार्नुमान जताया है। इसके तहत पहली दिसंबर से वातावरण में कोहरा छाएगा और अधिकतम तापमान में भी कमी आएगी। यानी दोपहर में भी ठंड का एहसास होगा।

दोपहर में गुनगुनी धूप रहात दे रही : प्रयागराज और आसपास के जिलों यानी प्रतापगढ़ और कौशांबी में ठंड बढ़ गई है। सुबह घरों से बाहर निकलने वालों को ठंड का अधिक एहसास होता है। गर्म कपड़ों को पहनकर ही सुबह निकलना पड़ रहा है। सूर्य की किरणों के दिखने के बाद ही राहत मिल रही। दोपहर में धूप अच्छी लग रही है। सूर्यास्त के बाद फिर ठंड बढ़ने लगती है।

केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों से किसानों की आय बढ़ी: ज्ञानेश जोशी

किसान हित में निरंतर कार्य कर रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। रविवार को केसरवानी धर्मशाला में भाजपा किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानेश जोशी ने कहा, किसान मोर्चा किसानों के लिए सदैव साथ खड़ा है। नगर पंचायत शंकरगढ़ में स्थित केसरवानी धर्मशाला में जुटे स्थानीय लोगों व किसानों से ज्ञानेश जोशी ने कहा, किसानों की आय दुगुनी हो, इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार निरंतर कार्य

कर रही है। किसान सम्मान निधि हो या खाद बीज की उपलब्धता, सभी मील का पत्थर किसानों के लिए साबित हुए हैं। जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने किसानों की सहभागिता के साथ नगर में कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया।

जिला महामंत्री आदेश सिंह व जिला उपाध्यक्ष सुधीर साहू ने संचालन किया। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में भारी संख्या में किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला मंडल पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भाग लेकर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का संकल्प लिया। का?क्रम में वीरेंद्र सिंह पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, समाजसेवी रोहित केसरवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, मसुरिया दीन वर्मा, सोमनाथ शर्मा, सतीश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने सोमेश्वर महादेव मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

नैनी। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी के सौजन्य से आज रविवार को कार्यक्रम अधिकारी सहदेव चौरसिया के नेतृत्व में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें मंदिर के कोने कोने को साफ सुथरा किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले श्रद्धालु गण पालीथीन का प्रयोग मंदिर परिसर में कदापि न करें, जिससे नाली जाम की समस्या न उत्पन्न हो।

डां प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे मंदिर परिसर हमेशा साफ सुथरा रहे। सरस्वती परिवार के छोटे छोटे बच्चों ने भी द्वारिकाधीश मंदिर परिसर की साफ सफाई की। कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवरजी तिवारी, मनीष पांडेय,सुनील मिश्रा, धीरज यादव,

आत्म प्रकाश यादव, सुनील कुशवाहा, संदीप कुमार सिंह, बब्रुवाहन सिंह, प्रवीण तिवारी, रवि कुमार पटेल, संदीप सिंह,डां एसबी यादव, दीपक गुप्ता, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, समरेंद्र मिश्रा, शांभवी मिश्रा, वैभव कुमार कुशवाहा,दीपक गोस्वामी,आदि उपस्थित रहे। वही कुंवारीजी तिवारी ने सभी भक्तों से हाथ जोड़कर गुजारिश की है कि मंदिर परिषद में गंदगी ना करें

बेकाबू कार की टक्कर से दो छात्रों की मौत

प्रयागराज। उन्हें क्या पता था कि कुछ ही देर में मौत उन्हें अपनी आगोश में ले लेगी। वह दोनों छात्र यमुना के तट पर टहल रहे थे। इसी बीच एक अनट्रेंड कार चालक ने उनकी जिंदगी छीन ली। अनियंत्रित कार की टक्कर से दोनों की मौत हो गई। उनके घरवालों के आंसू नहीं सूख रहे हैं। हालांकि आरोपित कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन उसकी गलती ने दो परिवारों को जीवन भर का दर्द दिया। घटना प्रयागराज जिले के यमुनापार में नैनी के अरैल इलाके की है। बेकाबू कार ने टहल रहे दो छात्रों को टक्कर मार दी। इससे 25 वर्षीय मयंक और 26 वर्षीय पंकज सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने कार सहित चालक पीयूष को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी दिलीप भाग निकला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घरवाले रोते-बिलखते रहे। कौशांबी के सरायअकिल थाना क्षेत्र के मुलायमपुर गांव निवासी शेष कुमार सिंह ने नैनी के काजीपुर मोहल्ले में घर बनवाया है। वहां उनका बेटा संदीप रहकर पढ़ाई करता था। उसका साथी पंकज सिंह सरायममरेज थाना क्षेत्र के कसेरवा गांव का रहने वाला था।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ विवि गुट का विधानसभा घेराव 29 नवम्बर को

अखंड भारत संदेश

करछना। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (विवि गुट) प्रयागराज की आकस्मिक बैठक दुलारा देवी इंटर कॉलेज बस्तर प्रयागराज में संपन्न हुई।जिसमे बताया गया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (विवि गुट) के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक विधायक मा. लाल बिहारी यादव की अगुवाई मे वित्तविहीन शिक्षकों के हित में विभिन्न मागो को लेकर विधानसभा का घेराव 29 नवम्बर को किया जायेगा। श्री यादव ने प्रदेश भर के जनपद, मण्डल, तहसील एवं ब्लाक इकाई के सदस्यों व प्रबंधक, प्रधानाचार्य, व शिक्षकों से भारी संख्या मे पहुंचने की अपील की है। धरने मे माध्यमिक शिक्षापरिषद प्रयागराज द्वारा मान्यता की नवीन शर्तों को वापस लेना, वित्तविहीन प्रधानाचार्यों को पूर्व की भांति पुनः केंद्र व्यवस्थापक बनाना, वित्तविहीन शिक्षको को सम्मानजनक मानदेय, पुरानी पेंशन बहाली,मदरसों का आधुनिकीकरण जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने समस्त शिक्षकों, प्रबन्धक / प्रधानाचार्य से अपील है कि विद्यालय बचाने के लिए मान्यता प्रत्याहरण रोकने के लिए तथा उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु विद्यालय बन्द कर सम्पूर्ण स्टाफ के साथ धरना में पहुँचने का कष्ट करें। ताकि सरकार 23 अगस्त 2022 के प्रस्ताव को वापस ले सके।

बैठक मे मंडल अध्यक्ष अभयराज सिंह, फूलचंद कनौजिया, बुधराम यादव, सीता शरण सिंह, गुलाब सिंह, अमर बहादुर, बालेंद्र गौतम, गोविंद प्रसाद भूर्तिया, मान सिंह पटेल, जेपी यादव, महेंद्र द्विवेदी, कमल चंद, प्रेमचंद, शिव मोहन पटेल, रमेश यादव, उमेश यादव, अवधेश श्रीवास्तव, सीबी यादव, रवि करन सिंह, सविता यादव, अरविंद यादव राजेश पटेल, सीपी मिश्रा, सर्वेश आदि लोग उपस्थित रहे।

दबंगो ने कोटेदार से की मारपीट, मशीन तोड़ा व स्टॉक रजिस्टर फाड़ा, शिकायत

अखंड भारत संदेश

नैनी। थाना के अंतर्गत रैपुरा गांव निवासी अभयलाल यादव पुत्र लाल बहादुर जो कोटेदार है जिसका आरोप है कि गांव के ही दबंग किस्म के राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बैजनाथ व अशोक कुमार,सुरेश कुमार,मुनेश कुमार व दिनेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद द्वारा 24 नवम्बर को खाद्यान्न बांटते समय कोटे की दूकान पर पहुँचकर गाली-गलौज देने के साथ मारने-पीटने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त लोगो ने सरकारी वितरण की ईपीओएसएस मशीन को तोड़ दिया और रखा स्टॉक रजिस्टर फाड़ दिया।जिसकी शिकायत लिखित रूप से चौकी भुंडा व थाना करछना में करने के वावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही नही की जा सकी।जिससे उक्त दबंगो के हौसले बुलंद है।जो आये दिन गाली गलौज करने के साथ मारपीट पर आमादा है।जिस पर स्थानीय थाने की पुलिस ने गम्भीरता से न लिया तो किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है।जबकि इसके पूर्व में भी 14 नवम्बर व जून को मारपीट हुई थी।

वीसी नियुक्ति विवाद मामले में यूजीसी ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी डिवीजन को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्व विद्यालय में कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। छात्र संघ बहाली वापसी वृद्धि की मांग को लेकर पिछले कई महीनों से आंदोलन रत अजय यादव सम्राट के शिकायती पत्र का विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने संज्ञान लिया है। यूजीसी के अनु सचिव अंजू मोहन गलहोत्रा ने उच्च शिक्षा के सेंट्रल यूनिवर्सिटी डिवीजन के अंडर सेक्रेट्री पीके सक्सेना को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर अजय यादव द्वारा लगाए गए आरोप की सत्यता की जांच के लिए कहा है।

यूजीसी का करेंगे घेराव, देंगे ज्ञापन

वहीं, दूसरी तरफ अनशन कारी छात्रों के प्रवेश निरस्तीकरण को लेकर छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली में जाकर धरना देंगे।छात्रों ने कुलपति की अवैध नियुक्ति पर कहा कि दिसंबर में चलने वाले शीत कालीन सत्र में सैकड़ों की संख्या में छात्र संसद भवन का घेराव और मार्च करेंगे। छात्रों ने कहा कि अब किसी से कुछ नहीं कहना है अब केवल सवाल करना है तो सरकार से सवाल करना है।इस मौके पर छात्र नेता हरेंद्र यादव, हारुन अभिषेक बघवा, सचिन पटेल,आनंद सांसद ,मयंक पटेल, अजय पांडे बागी, प्रियांशु यादव,अभिषेक सिंह ,राहुल सरोज,गौरव गोड,हितेंद्र पटेल,मोहम्मद सलमान,शैलेंद्र यादव,प्रीतम ठाकुर,अतीक अहमद,काशी राम,आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रोफेसर के तौर पर 10 साल अध्यापन का अनुभव नहीं

इसी ताजा घटनाक्रम को लेकर छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव श्रीवास्तव की नियुक्ति अवैध है। किसी भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी का कुलपति बनने के लिए प्रोफेसर के तौर पर 10 साल अध्यापन का अनुभव जरूरी है। प्रो. संगीता श्रीवास्तव का प्रोफेसर के तौर पर केवल 9 वर्ष 4 महीने और 10 दिन अध्यापन का अनुभव है। इसके बावजूद भी सरकार ने इनको कुलपति के तौर पर संवैधानिक पद पर बैठा दिया। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है जिस पर फैसला लंबित है। इस मुद्दे को लेकर यूजीसी ने भी संज्ञान लिया है और उच्च शिक्षा मंत्रालय में पत्र भेजकर मामले की जांच कराने को कहा है। ऐसे में मेरा सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध है जब तक तरफ से संगीता की नियुक्ति का मामला लंबित है तब तक उन्हें कोई भी नीतिगत निर्णय लेने का पावर ना दिया जाए। विश्व विद्यालय में समय शिक्षक भर्ती चल रही है ऐसे में यह एक अहम सवाल है कि जो गलती खुद अवैध तरीके से नियुक्त हुआ हो वैद्य शिक्षकों की नियुक्ति कैसे करें। इस पर रोक लगनी चाहिए।

सिविल लाइंस में पैराडाइज स्वीट्स एंड बेकरी शॉप में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सिविल लाइंस स्थित पैराडाइज स्वीट्स और बेकरी शॉप में शनिवार की देर रात आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था। लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने का कारणों का पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने सुनी मन की बात

अखंड भारत संदेश

सहसों। झूंसी मण्डल के ईसीपुर नगर पंचायत के सियाराम मौर्य के आवास पर जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी एंव जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी जी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी /मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष भारतीया प्रकोष्ठ विभाग के जिला संयोजक तथा जिला सह संयोजक सांसद फूलपुर श्री मती केशरी देवी पटेल, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल एंव पूर्व मण्डल अध्यक्ष गिरजा शंकर पाण्डेय ,राकेश शुक्ल के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात को सुना। प्रधानमंत्री जी के द्वारा मन की बात मे कहे गए जी 20 सम्मेलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा, स्टार्टअप के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि अब भारत मे ही ड्रोन, राकेट लांचर के पाट्र्स भारत मे ही बनेगा। प्रत्येक मानवीय जीवन से जुड़ी प्रत्येक विन्दु को उपस्थित कार्यकताओं द्वारा सुना गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह संयोजक बृजेश कुमार त्रिपाठी तथा मण्डल अध्यक्ष दीलिप निषाद, आत्माधर द्विवेदी अनिल सरोज, विधि प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक योगेश कुमार मिश्र, समाज सेवी पंकज ओझा, तरुण मिश्रा पूर्व विस्तारक ,सुमित निषाद, अजय शुक्ल,नागेंद्र द्विवेदी एवं मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

पर्यटकों को महाकुंभ-2025 से पहले तैयार मिलेगा रोपवे, बनेंगे तीन स्टेशन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । महाकुंभ-2025 में संगम दर्शन अलग हटकर हो सकेगा। इसके लिए केबल कार चलाई जाएगी। संगम पर रोपवे की महात्वाकांक्षी परियोजना को महाकुंभ से पहले पूरा किया जाना है। इसे पीपीपी मॉडल पर चलाने की योजना बनाई गई है। महाकुंभ की परियोजनाओं में संगम पर रोपवे को सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में देखा जा रहा है। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु अब केबल कार से संगम, अक्षयवट, सरस्वती कूप के अलावा माघ मेला और कुंभ मेला का नजारा देख सकेंगे। पहली बार संतों-भक्तों और सैलानियों के लिए केबल कार की सेवा यहां मिलेगी। महाकुंभ से पहले देश-दुनिया के पर्यटकों रोपवे का तोहफा दिलाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए झूंसी से अरैल के बीच तीन रोपवे स्टेशन बनाए जाएंगे। इस योजना पर 60 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आने का अनुमान है।पर्यटन विभाग की ओर से इसका खाका प्रस्तुत किया गया है। हाल में ही प्रयागराज मेला प्राधिकरण के आई ट्रिपलसी सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भी कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने संगम पर रोपवे योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। फिलहाल केबल कार पीपीपी मॉडल पर श्रद्धालुओं-पर्यटकों के लिए चलाई जाएगी। इसके लिए झूंसी में उल्टा किला के के अलावा अरैल में त्रिवेणी पुष्प परिसर के अलावा सोमेश्वर महादेव के पास रोपवे स्टेशन बनाए जाएंगे।सोमेश्वर महादेव के पास स्टेशन बनाने के लिए सर्वे कर लिया गया है। योजना के अनुसार सरकार इसके लिए भूमि उपलब्ध कराएगी। बाकी काम ठेका लेने वाली कंपनी को करना होगा। किराया निर्धारण और केबल कार के संचालन की भी व्यवस्था कंपनी के जिम्मे ही होगी।

पर्यटन विभाग की इस योजना के तहत केबल कार से एक बार में 20-25 सैलानी संगम दर्शन कर सकेंगे। इन स्टेशनों से महज 10 से 15 मिनट के भीतर पर्यटक संगम दर्शन कर सकेंगे। पीपीपी मॉडल पर तैयार होने वाली इस योजना के संचालन के लिए चुनिंदा और अनुभवी रोपवे संचालक कंपनियों से संपर्क किया गया है।

फ्लैट में महिला की निर्वस्त्र लाश मिलने के मामले में सर्जन पर हत्या का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । सर्जन के फ्लैट में महिला की हत्या के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पता चला है कि सर्जन डॉ. दीपकेंदु मित्रा को घटना की जानकारी 24 घंटे पहले ही हो गई थी। इसके बावजूद उन्होंने घटना छिपाए रखी। पुलिस को जानकारी 24 घंटे बाद अगले दिन दी। उन्होंने ऐसा क्यों किया, फिलहाल पुलिस इसका जवाब ढूंढने में लगी है। उधर देर रात मृतका की मां की तहरीर पर सर्जन के खिलाफ हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया।इससे पहले पुलिस दिन भर तहरीर मिलने का इंतजार करती रही। इस दौरान मृतका की मां के साथ ही सर्जन और उसके जानने वाले सोनू सिंह से भी कई बार में पूछताछ की गई। आखिरकार देर रात मां की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया। इसके बाद अब उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। मां की ओर से दी गई तहरीर में लिखा गया है कि उसकी बेटी सर्जन के रामबाग स्थित फ्लैट में रहती थी। 24 नवंबर को वह फ्लैट के भीतर मृत पड़ी मिली। उसकी हत्या की गई थी। कोतवाली प्रभारी मुदित राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उधर इससे पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आने के बाद शनिवार को पुलिस की छानबीन में बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। पता चला कि सर्जन को महिला की मौत की जानकारी एक दिन पहले ही हो गई थी। 23 नवंबर को ही उन्हें पता चल गया था कि महिला की मौत हो चुकी है। लेकिन उन्होंने पुलिस को जानकारी नहीं दी। शाम करीब 5०30 बजे उन्होंने झलवा निवासी सोनू सिंह को फोन किया और घटना की जानकारी दी।

उन्होंने सोनू से यह भी कहा कि वह फ्लैट पर पहुंचे और कुछ देर में वह भी आ रहे हैं। इसके बाद सोनू मौके पर गया और बिल्डिंग में भूतल पर स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर के कर्मचारी से घटना के बाबत जानकारी ली। उसे लेकर फ्लैट तक भी गया। लेकिन जब काफी देर तक डॉक्टर नहीं आए तो वह चुपचाप वापस चला गया। उसने भी पुलिस को जानकारी नहीं दी। अगले दिन यानी 24 नवंबर को दोपहर में तीन बजे के करीब डॉक्टर ने सूचना दी तब जाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

सिर्फ बदबू आने की बताई थी बात

सूत्रों का कहना है कि पुलिस को घटना की जानकारी 24 नवंबर को दोपहर तीन बजे के करीब हुई थी। तब सर्जन ने खुद कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी थी। हालांकि उन्होंने सिर्फ यह बताया था कि उनके फ्लैट से बदबू आ रही है। इसकी जानकारी उन्हें पड़ोसियों ने दी। वह पहुंचे तो कई बार बेल बजाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। किसी और के नंबर से किया था कॉल पुख्ता सूत्रों के मुताबिकए जांच में एक और ऐसी बात सामने आई है जो घटना में सर्जन की भूमिका को संदिग्ध बनाती है। दरअसलए 23 नवंबर की शाम सर्जन ने सोनू को जिस नंबर से कॉल कियाए वह उनका नंबर नहीं था। यह किसी और का नंबर था। सूत्रों का कहना है कि सोनू ने पूछताछ में खुद यह बात पुलिस को बताई है।

पुरखों के प्रति श्रद्धा से कुल की समृद्धि :परमहंस

करछना। अपने पुरखों के प्रति श्रद्धा और सम्मान कुलऔर वंश की समृद्धि का द्योतक है। इससे नई पीढ़ी में भी अपने बुजुर्गों के सम्मान की सीखऔर प्रेरणा मिलती है। घटवा के मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में परमानंद मिश्र की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में यह बातें टीकरमाफी के परमहंस हरि चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने कही। इस दौरान मौजूद न्यायमूर्ति नीरज तिवारी और न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए मिश्र परिवार द्वारा आयोजित स्वर्गीय पिता की मूर्ति के अनावरण को श्रद्धा और सम्मान की परंपरा का प्रत्यक्ष उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की हुई जांच दी गई निःशुल्क दवाएं

अखंड भारत संदेश

सहसों। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसों में मुख्यमंत्री द्वारा आरोग्य मेले में रविवार को क्षेत्र से आए 66 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गई। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ शहला हबीब एवं डॉ रामजीत सिंह ने बुखार, डायबिटीज, गर्भवती महिलाएं, बच्चों सहित 66 लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी तथा परामर्श देकर संक्रमण के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर खून पेशाब तथा बीपी के 32 मरीजों की जांच करते हुए उन्हें परामर्श दिया गया। इस मौके पर स्टाफ नर्स रोमी सिंह , लैब असिस्टेंट कमल भानु सिंह तथा मोहम्मद सलीम द्वारा लोगों को संक्रमण से विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बचाव के लिए जागरूक किया।

उप जिला मजिस्ट्रेट का ओचक निरीक्षण

लेंडियारी मंडी क्रय केंद्र पर तौल बंद मिलने से भड़के एसडीएम

अखंड भारत संदेश

कोराव/प्रयागराज। उप जिला मजिस्ट्रेट कोरांव शुभम यादव ने क्षेत्र के कई धान क्रय केंद्रों का गत दिवस ओचक निरीक्षण किया। श्री यादव ने विपणन शाखा कोराव में क्रय केंद्र पर तौल का काम होते हुए देखा।

लेंडियारी गल्ला मंडी में स्थित केंद्र पर एफपीओ की और से खुले दो केंद्रों पर तथा मंडी परिषद द्वारा खुले एक केंद्र पर एसडीएम ने तौल कार्य बंद पाया। इन तीनों पर केंद्र का संचालन बंद पाए जाने से एसडीएम कोरांव भड़के। इस बाबत उप जिलाधिकारी कोरांव ने जानकारी दी कि निरीक्षण कार्य जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में किया जा रहा है।

जिससे किसानों को दिक्कतें न हों। उन्होंने बताया कि धान क्रय केंद्रों की मनमानी या अन्य कोई शिकायतें मिलेंगी तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही जरूर की जायेगी। इसी तरह आए दिन कई गोशालाओं व केंद्रों का निरीक्षण उनके द्वारा किया जा रहा है।

नैनी पुलिस ने अवैध गाँजा के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया

अखंड भारत संदेश

नैनी। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को दो किलो पाँच सौ ग्राम गांजे के साथ दो युवको को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ थाना नैनी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक जनमेजय कुमार दरोगा अमित कुमारअन्य पुलिस के साथ क्षेत्र में भ्रमण में लगे थे।तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि टीएसएल गेट क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक खड़े है सूचना पर भ्रमण पुलिस मौके पर पहुँची और घेरेबन्दी करते हुए मोके से दोनों को हिरासत में लिया जब उनकी तलासी ली तो गिरफ्तार हुए कमला प्रसाद पुत्र गंगाधर निवासी बोधि पाण्डेय का पूरा कोतवाली नगर उम्र 26 वर्ष तथा जितेन्द्र प्रतापसिंह पुत्र दिनेश प्रताप निवासी सरायमुरार जनपद प्रतापगढ़ के पास से 02 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

बीजेपी नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को आज बधवा गांव में पर बैठ कर सुना।प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा अनूठी, प्रेरक एवम रचनात्मक प्रयासों संबंधित जानकारियां देशवासियों से साझा करते हैं आज जिस प्रकार उन्होंने ने भारतीय संस्कृति के वैश्विक विस्तार में संगीत की योगदान ओर प्रतियोगी परीक्षाओं में लगे छात्रों के लिए हो रहे रचनात्मक प्रयास का जिक्र किया है वह बहुत ही उत्साह वर्धक रहा ।निश्चित रूप से आज प्रधानमंत्री के मन के बात से देश के लाखो युवा प्रेरित होकर कला, संस्कृति, शिक्षा एवम स्वास्थ सेवाओं के लिए रचनात्मक प्रयास प्रारंभ करेगे। प्रधानमंत्री के मन के आज के बातो को मैं लोगो से साझा करुगा। कार्यक्रम में पप्पू उपाध्याय मेजारोड व्यापार अध्यक्ष, रमा शंकर निषाद, विनय शुक्ल, शिव उपाध्याय, हरी मोहन पाण्डेय, जय शंकर निषाद, संजय गौतम, मंगला निषाद, रिंकू उपाध्याय सहित कई लोग रहे।

पूरे भारत में 74वा एनसीसी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अखंड भारत संदेश

नैनी। सेंट जॉन्स एकेडमी में स्थित 15 यूपी बटालियन के एनसीसी छात्रों ने मार्च पास्ट एवं गार्ड ऑफ ऑनर कर इस दिवस को मनाया।

कार्यक्रम का आरंभ एनसीसी गान के साथ हुआ। इस उपलक्ष पर परेड का निरीक्षण स्कूल के डायरेक्टर श्री सी वी इन्नेस ने किया। परेड की अगुवाई सीनियर अंडर ऑफिसर शेरिल दुबे ने की। कैडेट्स ने संपूर्ण ड्रिल मूवमेंट को बड़ी ही निपुणता पूर्वक एवं सुंदरता के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट अभिजीत एवं कैडेट एडमिनिस्ट्रेटर आदित्य सोनकर ने की। इस मौके पर डायरेक्टर श्री सी वी इन्नेस ने अपने एनसीसी कैडेट के तौर पर बिताए गए दिनों की यादें साझा की और साथ ही साथ एनसीसी के द्वारा देश की प्रगति में दिए गए अभूतपूर्ण योगदान को भी उजागर किया। उन्होंने बताया की एनसीसी ने 73 वर्षों से भारत के युवा को आत्मनिर्भर स्वाबलंबी बनाया है एवं देश प्रेम से परिपूर्ण किया है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने भी समस्त कैडेटों का उत्साहवर्धन किया।

आवश्यकता है

प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान

653 फिरोजपुर उर्फ शेखपुर, फूलपुर टाउन, प्रयागराज। पिन नंबर 212402

स्नातक कला संकाय प्रवक्ता विषय हेतु

विषय- संस्कृत- 01 पद

योग्यता- संबंधित विषय में एम०ए०, नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अहर्ता के अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करें ।

वेतनमान- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम वेतन देय होगा । इच्छुक अभ्यर्थी 1 सप्ताह के अंदर महाविद्यालय के उक्त पते पर आवेदन प्रेषित करें ।

Email id - arvindtripathi271@gmail.com

सिद्धार्थ त्रिपाठी
प्रबंधक

मो0: 8707046593, 9452145821

एडीजी ने लीलापुर थाने का किया औचक निरीक्षण

महिला हेल्प डेस्क के साथ संबंधित चैकियों के बाबत ली जानकारी

पानी की व्यवस्था अच्छी न देखकर जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शनिवार की रात प्रयागराज जोन के एडीजी लीलापुर थाने पर अचानक आ धमके। साहब की कार थाने के सामने रुकते ही पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।इस दौरान महिला हेल्प-डेस्क के साथ ही संबंधित चैकियों के बाबत जानकरी ली।

स्थानीय सीओ सर्किल के लीलापुर थाने पर बीती रात लगभग दस बजे एडीजी प्रेम प्रकाश आ धमके। एनएच पर स्थिति थाने के सामने कार को रुकते देखकर वहां मौजूद थानाध्यक्ष आ कर अगुवानी की। वहीं थाने परिसर में हड़बड़ाहट का नजारा देखा गया। इस दौरान परिसर की साफ-सफाई व वाहनों के व्यवस्थित रखरखाव के साथ ही फरियादियों के बैठने की अच्छी व्यवस्था को देखकर एडीजी खुश नजर दिखाई दिए। उसके बाद महिला हेल्प -डेस्क के साथ ही थाने से संबंधित कमोरा व मोहनगंज चैकी के बाबत भी जानकारी ली। थाने की व्यवस्थित व्यवस्था के प्रति संतुष्ट एडीजी ने थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय की तारीफ भी की। हालाकि वही

लीलापुर थाने का निरीक्षण करते एडीजी प्रेम प्रकाश।

पेयजल की व्यवस्था को लेकर नाराजगी दिखाई। मातहतों को और चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लगभग पंद्रह मिनट निरीक्षण के दौरान सभी मातहतों में हड़कंप का माहौल देखने को मिला। उसके बाद वापस प्रयागराज के लिए लौट गए। उसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

कुंडा व महेशगंज से 6 वारन्टी गिरफ्तार

परियावां, प्रतापगढ़। जनपद के थाना कुण्डा के उप निरीक्षक रविशंकर तिवारी अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 642/21 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 452, 427 भादवि से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्त जगदीश पुत्र रमेश्वर पटेल व सौरभ पुत्र जगदीश पटेल नि0गण ऊगापुर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को घर से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा। इसी क्रम में कोतवाली कुण्डा उप निरीक्षक भूपेशनाथ सिंह अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अपराध संख्या 429/158029 धारा 4/10 एफ एक्ट से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्त कमलेश पुत्र विशेषर कोरी व भोंटू उर्फ इरफान पुत्र मुनीश अहमद नि0गण मौली थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को घर से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।

14 एनसीसी कैडेटों ने किया रक्तदान, हुआ वृक्षारोपण

धूमधाम से मना एनसीसी का 75वां स्थापना दिवस

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 18 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा एनसीसी का 75वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। बटालियन के अन्तर्गत अमेठी, सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ जनपद में आने वाले सभी 22 विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण व रक्तदान किया गया।

बटालियन के कमाण्डिंग आफीसर कर्नल लक्ष्मी श्रीनिवासन के दिषा निर्देषन व तिलक इंटर कालेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन राकेष तिवारी, पीबी इंटर कालेज के एनसीसी अधिकारी ले0 अखण्ड प्रताप सिंह, स्वामी करपात्री इंटर कालेज के एनसीसी अधिकारी ले0 कृष्णमणि तिवारी की प्रेरणा से नौ बालिका तथा 5 बालकों ने जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में महिमा शर्मा, आकांक्षा यादव, सृष्टि यादव, प्रिया शर्मा, षिव शंकर पटवा, अंकित तिवारी, हर्ष मिश्रा, रानी मिश्रा, षिवानी दुबे, नेहा मिश्रा, कीर्ति सोनी व सुनील वर्मा रहे। इस मौके पर बटालियन के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बरीबोझ में हो रही भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य योगेश जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब.जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती हैए तब.तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव की झांकी निकलते ही श्रद्धालु पुष्प की वर्षा करने लगे। जन्मोत्सव में संगीतकार के सोहर भजन पर श्रोता खूब झूमे। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। कथावाचक योगेश जी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्मएअर्थए काम एवं मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मुख्य जजमान जगतपाल तिवारी और शिवकली देवी भक्ति में लीन रहे।कथा का संयोजन पप्पू तिवारी और अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने किया। इस मौके पर आचार्य उमेश पाल मिश्रा, डॉ दयाशंकर मिश्रा, डॉ गंगाधर मिश्रा, रोहित मिश्रा, शैलेश मिश्र, शिवम दूबे ,वीरेन्द्र तिवारी,सतेन्द्र सिंह,रवीन्द्र मिश्रा, शौरभ शुक्ला, नीलम तिवारी,सुमन तिवारी,राकेश मिश्रा, मीना तिवारी, आरती तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

दुर्घटना में होमगार्ड घायल, रेफर

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली में तैनात होमगार्ड दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया। लालगंज नगर पंचायत के फायर बिग्रेड के सामने होमगार्ड बाबूलाल कोरी (60) रविवार को दोपहर सड़क पार कर रहा था। इस बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में गम्भीराबाद बेलहा निवासी होमगार्ड बाबूलाल कोरी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही सीओ रामसूरत सोनकर तथा लालगंज कोतवाल कमलेश पाल घायल होमगार्ड को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारम्भिक उपचार के बाद गम्भीर दशा उसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सूबे के मदरसों की जांच नहीं, सर्वे कराया गया: डा0 इफ्तखार

विपक्ष पर सरकार की छवि बिगाड़ने का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर स्थित मदरसा दारुल बनात अल्पसंख्यक बालिका विद्यालय के वार्षिक समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि डा0 इफतेखार अहमद अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ ने कहा कि सरकार ने मदरसों के बच्चो को देश के मुख्यधारा में जोड़ने की कवायद के क्रम जांच सर्वे कराया गया जब कि विपक्ष पर मुसलमानो को गुमराह करने का आरोप मढ़ा।

डा0 इफ्तखार ने कहा सरकार ने सर्वे के जरिए मान्यता प्राप्त तथा अनुदानित मदरसों के अलावा जो मदरसे बिना मान्यता के संचालित हैं, वो भी सूचीबद्ध किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मदरसों के बच्चों को सकारात्मक माहौल देने को विपक्ष मुसलमानों में गलत

अध्यक्ष डा0 इफ्तखार का स्वागत करते प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी।

अवधारणा फैला कर सरकार की छवि धूमिल करने मे जुटे है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है कि मदरसे के बच्चे भी दीन कुरआन के साथ विज्ञान और अंग्रेजी की तालीम हासिल करें जिससे उन्हें भी कान्वेंट के बच्चों की तरह वह भी अपनी कौशल का प्रदर्शन करते हुए वैज्ञानिक व उच्च पदों पर पहुंचे। शीघ्र ही मदरसों के उत्थान के लिए प्रक्रिया चल रही है। वहीं समारोह में बस्ती मंडल के उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विजय यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ डा0 सच्चिदानंद तिवारी व मदरसा दारुल उलूम गुलषने मदीना पल्टन बाजार के प्रधानाचार्य जनाब मुख्तार अहमद हबीबी ने भी अपने विचार रखे। वार्षिक समारोह एव प्रतिभा सम्मान समारोह मे बच्चों के द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा अतीक अहमद व संचालन मो आजाद व रूस्तम ने किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद हसनैन मदरसे की प्रगति की जानकारी ली। इस मौके पर डॉ नफीस अहमद, वाहिद अली, अफरोज आलम गुड्डू, सरवर आलम, रिजवान अहमद, फिरोज अहमद, रईस खान बारेडीह, मो0 आसिफ एडवोकेट समेत जिले के अनुदानित मदरसां के प्रधानाचार्य व प्रबंधकगण मौजूद रहे।

इण्डियन डेंटल एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

डा0 पंकज मिश्रा बने नए अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर के एक प्रतिष्ठान में दंत चिकित्सकों की इंडियन डेंटल एसोसिएशन के बैनर तले मीटिंग संपन्न हुई जिसमें गत वर्ष के अध्यक्ष डॉ सुधाकर सिंह ने अपनी अध्यक्षता डॉ पंकज मिश्रा को हस्तांतरित करते हुए नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया। उक्त अवसर पर स्टेट आईडीए के अध्यक्ष डॉ उमेश शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

नई कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में अध्यक्ष के पद पर डॉ पंकज मिश्रा, इलेक्ट प्रेसिडेंट के पद पर डॉ शमसुदोहा तथा पास्ट प्रेसिडेंट के पद पर डॉ सुधाकर सिंह तथा वाइस प्रेसिडेंट प्रथम के रूप में डॉ अवंतिका पांडे ,वाइस प्रेसिडेंट दितीय के रूप में डॉ सीमा

इण्डियन डेंटल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

खंडेलवाल ने शपथ ली। नई कार्यकारिणी के सचिव के रूप में डॉक्टर अजय सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर डॉ इम्तियाज अली तथा असिस्टेंट सेक्रेटरी के पद पर डॉ हिमांशु ,कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ अनवर अहमद तथा ऑडिटर जनरल के रूप में डॉ सर्वेश श्रीवास्तव ने शपथ ली। सी. डी. ई. कन्वीनर डॉ शिल्पी गुप्ता तथा सी.डी.एच. कन्वीनर डॉ एकता द्विवेदी चुने गए।स्टेट रिप्रेजेंटेटिव के पद पर डॉ सुधाकर सिंह तथा डॉ अनवर अहमद का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त इ.सी. मेंबर के रूप में डॉक्टर विवेक पांडे, डॉक्टर जयंत शर्मा, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ अनुराग मिश्रा, डॉ दीपक शुक्ला, डॉ गौरव शंकर पांडे, डॉ. मुजीब उर रहमान व डॉक्टर अजीत सिंह आदि चुने गए। बैठक में तंबाकू जनित बीमारियों तथा उस से होने वाले नुकसान ऊपर चर्चा की गई एवं इसके रोकथाम के उपाय हेतु प्रयास किए जाने के लिए जगह जगह पर कैंप लगाने पर विचार विमर्श किया गया।

परियावां बाजार में आये दिन जाम लगने से लोग हलकान

परियावां, प्रतापगढ़। जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना परियावां बाजार में शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे दोनों तरफ से वाहन के आने जाने से लम्बा जाम लग गया जिससे लोग हलकान हो गए।स्टेट बैंक बन्द होने के कारण डियूटी पर आए सिपाही राकेश तिवारी ने किसी तरह जाम को खड़े होकर खत्म कराया थोड़ी देर बाद स्थिति पहले की तरह सामान्य हो गई। बता दें कि सड़क किनारे नाली के बन जाने से सड़क की चैड़ाई कम हो गई जिससे आये दिन खासकर बुधवार व शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन दोनो तरफ से छोटे बड़े वाहन के आने से जाम लग जाता है।जब कि सीसी सड़क के पटरी की दोनो तरफ बनी नालियां धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही है। नालियों से पानी निकासी का पीडब्ल्यू विभाग ने कोई विकल्प नही बनाया जिससे एक तरफ की नाली पूरी तरह गायब होती दिखाई दे रही है।जब कि इन दिनों शादी विवाह की सहालत चल रही है जिस पर बिना ड्राइविंग लाइसेन्स गाड़ी नम्बर के ई रिक्शा फरार्टे से दौड़ रही है।

हॉकी प्रतियोगिता में राय फाउंडेशन की लड़कियों ने मारी बाजी

दो दिवसीय मैत्री हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। ग्रॉस रुट हॉकी प्रोमोशन एन्ड डेवेलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित दो दिवसीय मैत्री हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन आर के राय फाउंडेशन की लड़कियों ने बाजी मारी पेनॉल्टी स्ट्रोक के द्वारा मैच के फैसले में आर के रॉय ने अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ की टीम को 5-3 से हराया।

इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा हॉकी अकेडमी राजस्थान, आर के रॉय हॉकी एकेडमी पटना, पडिला हॉकी एकेडमी प्रयागराज सुल्तानपुर हॉकी एकेडमी एवम अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ के सभी आयु वर्ग के बच्चे और बच्चियों के मुकाबले हुए। इस अवसर पर अनवर हॉकी सोसाइटी के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर खान ने प्रतियोगिता में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही साथ राईन जूनियर हाई स्कूल के प्रबंध समिति का अनेक

हॉकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ीगण।

अनेक आभार व्यक्त किया कि स्कूल प्रबंधन ने बाहर से आये हुए सभी खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए जमियत उर राईन फाउंडेशन के सभी सदस्यों का धन्यवाद अदा किया कि सभी लोगो ने मिलकर मेहनत करके आयोजन को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में आये हुए सभी मीडिया बंधुओं का स्वागत और सम्मान करने के साथ साथ उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

समितियों में डीएपी नदारद किसानों में मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के अन्तर्गत परियावां, आलापुर, अदलाबाद, करमगंज, दयालपुर, जनवामऊ, ऐंठू, त्रिलोचनपुर, बभनपुर सहित कालाकांकर क्षेत्र की सभी 9 साधन सहकारी समितियों में डीएपी का स्टॉक खत्म हो जाने से किसानों में डीएपी खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ हैं। जब कि सहकारी समितियों के आस पास के प्रमुख बाजारों परियावां, लवाना, आलापुर, में प्राइवेट दुकानदारों के यहां डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन किसान समितियों में मिलने वाली इफको डीएपी व इफको यूरिया ही ज्यादा पसंद करते है और उस पर विश्वास रखते हैं। प्राइवेट दुकानदारों के यहां मिलने वाली डीएपी व यूरिया को अधिक दामों पर मजबूरी में खरीदते है जब कि यूरिया व डीएपी के नाइट्रोजन मात्रा एक होती है फिर भी किसान कोआपरेटिव से मिलने वाली खाद खरीदना ज्यादा बेहतर पसन्द करते है। अभी गेंहू एवं आलू की बोआई भी सही ढंग से शुरू नही हुई कि डीएपी का स्टॉक समितियों में खत्म हो गया। इस संदर्भ में समिति के सचिवों से जब इस संदर्भ में बात की गई तो उन्होंने बताया कि उर्वरक की चेक मुख्यालय स्तर पर आपूर्ति हेतु भेजी गई है किंतु अभी तक उर्वरक आपूर्ति नहीं हो पाई जिससे समितियों पर डीपी उपलब्ध नहीं है वहीं दूसरी ओर किसानों ने जिलाधिकारी से कालाकांकर क्षेत्र के समितियों में डीएपी का स्टॉक उपलब्ध कराने के लिए ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है।

जीवन में राष्ट्र ही सर्वोपरि है: विधायक सदर

दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जीवन में राष्ट्र ही सर्वोपरि है क्योंकि बिना राष्ट्र निष्ठा के हम प्रगति पथ पर आगे नहीं बढ़ सकते। उक्त बातें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर बचई सिंह शिक्षण संस्थान (बीएसएस एकेडमी) फुलवारी प्रतापगढ़ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम के समापन के दौरान कही। उन्होने अपने सम्बोधन में राष्ट्र के प्रति सर्वोपरि भावना के लिए

सदर विधायक को सम्मानित करते अतिथिगण।

छात्र-छात्राओं, अध्यापकगणों व अभिभावकों का आहवाहन किया कि वे संविधान का अध्ययन अवश्य करें क्योंकि ये हमारी सम्पूर्ण और सशक्त प्रगति का मेरुदंड है और इससे देश को सम्मान मिलता है। उन्होने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के उन बिरले संविधानों में से एक है जहां विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, सम्प्रदाय के विकास के लिए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय संविधान की ही देन है कि उन लोगों को भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो रहा है जो अभी तक उपेक्षित रहे हैं। इस अवसर पर बीएसएस एकेडमी के निदेशक विनोद सिंह ने कहा कि सभी को यह समझना चाहिए कि देश की एकता और अखंडता के लिए संविधान का अनुपालन अति आवश्यक है। इसके अभाव में देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि संविधान दिवस मनाने के पीछे मूल लक्ष्य यह है कि भारत की भावी पीढ़ी को इस बात की जानकारी दी जा सके कि उन्हें संविधान के अनुकूल ही आचरण करना है। कार्यक्रम में उपस्थित जय प्रकाश मिश्र एडवोकेट ने संविधान के अनुच्छेदों पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर बल दिया कि संविधान पूरी तरह से सभी जाति, वर्ग और संप्रदायों के प्रति उदार भाव रखता है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी ने आभार व्यक्त करते हुए विधायक सहित, कालेज के निदेशक व प्रधानाचार्य को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

अराजक तत्वों ने राष्ट्रीय गौरक्षा आंदोलन समिति के क्षेत्र संयोजक की कार का तोड़ा शीशा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पठकौली गांव में बारात के साथ आए राष्ट्रीय गौ रक्षा आंदोलन समिति के क्षेत्र संयोजक जितेंद्र पांडे की कार अराजक तत्वों ने तोड़ दी। घटना शुक्रवार की रात 12 बजे के आसपास की है। मामले का मुकदमा सांगीपुर थाने में दर्ज कराया गया है। जितेंद्र पांडे ग्राम व पोस्ट अगहर अमेठी के मूल निवासी हैं। वर्तमान में क्षेत्र संयोजक राष्ट्रीय गौरक्षा आंदोलन समिति, (वि.हि.प. गोरक्षा विभाग) पूर्वी उत्तर प्रदेश हैं। इसके पूर्व विभाग संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,बलिया विभाग व प्रयाग विभाग,पूर्वी उत्तर प्रदेश रह चुके हैं। श्री पांडे के अनुसार उनके गांव के अराजक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पठकौली में उनकी कार उन लोगों ने तोड़ी उनके गांव के वे लोग जो उनसे पहले से अदावत रखते हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके ऊपर हमले की साजिश थी। फिलहाल जितेन्द्र पांडे की गाड़ी में हुई तोड़ फोड़ को लेकर पुलिस गंभीर है। वैसे तो अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला आई पी सी की धारा 379, 427 में दर्ज किया गया है। लेकिन जल्द ही अराजक तत्वों को चिन्हित करके गिरफ़्तारी हो सकती है। जितेंद्र के पिता स्वर्गीय राजेन्द्र पाण्डेय आरएसएस स्वयंसेवक एवम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। श्री पांडे के मामले को लेकर अमेठी के कई संगठन शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी में हैं।

6 दिन से गायब युवक की गांव के बाहर मिली लाश

10 दिन पहले मुंबई से वापस गांव लौटा था युवक

युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली के भरसवा गांव का एक युवक 6 दिन पहले अचानक रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया था परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन युवक का कहीं सुराग नहीं लगा रविवार को गांव के बाहर स्कूल की बाउंड्री के पास युवक की लाश लटकती दिखाई पड़ी है सूचना पाकर रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है 6 दिन पूर्व गायब युवक की लाश स्कूल के पास तक कैसे पहुँची 6 दिनों तक युवक कहां गायब था इस बारे में कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है आशंका जताई जा रही है कि प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या कर लाश लटकाई गई है।

घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवां पुलिस चौकी अंतर्गत भरसवॉ गांव निवासी बिपिन सरोज उम्र 20 वर्ष पुत्र लल्लू सरोज रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहता था वह 10 दिन पहले मुंबई से गांव वापस आया था 6 दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में युवक अचानक गायब हो गया परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां जानकारी की लेकिन विपिन का कहीं कोई सुराग नहीं लगा रविवार को गांव के बगल में जनता इंटर कॉलेज से जुड़े हुए बगीचा में बच्चे खेल रहे थे इंटर कॉलेज की बाउंड्री में जाली से लाश लटकती दिखाई दी है बच्चों ने ग्रामीणों से जाकर बताया कि वहां विपिन की लाश लटक रही है मामले की सूचना परिजनों को मिली तो रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर जा कर देखा कि बिपिन की लाश स्कूल के अंदर पेड़ से लटक रही है परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस चौकी टेवां इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य हेड कांस्टेबल विनोद कुमार कांस्टेबल हरपाल सिंह कांस्टेबल अजय यादव कांस्टेबल चंद्रकांत शर्मा ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत ने तमाम अनसुलझे सवाल छोड़ दिए हैं आशंका जताई जा रही है कि प्रेम प्रपंच के चलते युवक की हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया है हालांकि चौकी इंचार्ज का कहना है कि परिवार से नाराज होकर युवक ने आत्महत्या कर लिया है लेकिन घर से निकलने के बाद युवक 6 दिन तक कहां गायब था इस बात का उत्तर चौकी पुलिस के पास नहीं है।

चित्रकूट जा रहे कार सवारों को तेल टैंकर ने मारी टक्कर कार सवार 4 लोग घायल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। फतेहपुर जनपद के हथगाव से चित्रकूट जनपद सामूहिक शादी में शामिल होने जा रहे कार सवारों को मंझनपुर कोतवाली के कोडड गांव के पास तेल टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी,हादसे ने कार सवार 4 लोग घायल हो गए, हादसे के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया,वही पुलिस ने तेल टैंकर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटनाक्रम के मुताबिक फतेहपुर जनपद के हथगाव थाना क्षेत्र के कुछ लोग कार में सवार होकर सामूहिक शादी में शामिल होने चित्रकूट जनपद जा रहे थे जैसे ही कार सवार मंझनपुर कोतवाली इलाके के कोड़र गांव के पास पहुँचे तेज रफ्तार तेल टैंकर ने कार को टक्कर मार दी हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहा उनका इलाज किया जा रहा है।

तिलक समारोह से दूल्हे को उठाकर ले गई रायबरेली पुलिस

दूल्हे पर धोखा देकर दूसरी शादी करने का लगा आरोप

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में भरवारी कस्बे में तिलक समारोह में अचानक पहुंची रायबरेली जनपद की पुलिस दूल्हे को उठा ले गयी है रायबरेली पुलिस द्वारा दूल्हे को उठा ले जाने से हड़कंप मच गया,तिलक समारोह से दूल्हे को उठाकर ले जाने की सूचना पर समारोह में शामिल रिश्तेदारों ने तरह तरह की चर्चा है।वही दूल्हे को पुलिस द्वारा उठाकर ले जाने से तिलक चढ़ाने आए लड़की वाले भी वापस चले गए। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी निवासी रवि मौर्य पुत्र रामबाबू का तिलक समारोह आयोजित था,तिलक समारोह में तिलक चढ़ाने के लिए लड़की वाले भी मौजूद थे,तभी रायबरेली की डलमऊ थाना पुलिस पहुंची और दूल्हे को लेकर जाने लगी तो परिजनों और रिश्तेदारों में हड़कंप मच गया।

लोगो के पूछने पर रायबरेली पुलिस ने बताया कि युवक रवि मौर्य का डलमऊ थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ पिछले कई सालो से लिव इन रिलेशनशिप चल रहा है,लेकिन रवि अपने गांव आकर दूसरी शादी कर रहा था,जिसकी शिकायत युवती ने रायबरेली पुलिस से की,जिसके बाद पुलिस ने कौशाम्बी जिले में आकर कोखराज थाना पुलिस से संपर्क किया और तिलक समारोह से दूल्हे को उठा लिया है रायबरेली पुलिस दूल्हे को लेकर रायबरेली चली गई।वही दूल्हे को पुलिस द्वारा उठाकर ले जाने के बाद से परिजन और लड़की वाले हतप्रभ है।

संविधान दिवस पर महामाया राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

राजकीय महामाया विद्यालय में संविधान दिवस पर शपथ लेते शिक्षक।

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय में दिनांक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर विनय कुमार प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो0 विनय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ?प्रारूप समिति द्वारा संविधान का पहला प्रारूप फरवरी 1948 में पेश किया गया। और इस में संशोधन कराने के लिए लोगों को 8 महीने का वक़्त दिया गया। जितने भी संशोधन के मांग आये। जरूरत अनुसार उसमें संशोधन करके आठ महीने बाद अक्तूबर 1948 में इसे फिर से प्रकाशित किया गया। सरकार ने 2015 में डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 125 वीं जयंती के रूप में घोषित किया उन्होंने अपनी बात इन पंक्तियों को कहकर समाप्त किया हमें अधिकार, कर्तव्य का बोध कराता संविधान शोषित ,गरीब , मजदूर का अधिकार दिलाता संविधान।

इसी क्रम में डॉ0 रीता दयाल एवम असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास, एवम डॉ0 पवन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल ने अपने विचार साझा किया ततपश्चात संविधान की प्रस्तावना का पाठ करवाया गया और शपथ दिलवाई गयी। कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अनिल कुमार ,असिस्टेंट प्रोफेसर गणित ,डॉ0 अमित कुमार शुक्ल,असिस्टेंट प्रोफेसर दर्शनशास्त्र ,डॉ0 पवन कुमार ,असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल , डॉ0 भावना केसरवानी असिस्टेंट प्रोफेसर , रसायन विज्ञान , डॉ0 तरीत अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी, डॉ0 नीरज कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान एवं डॉ0 रमेश चंद्र ,असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य एवम कर्मचारी तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रही।

अश्वघोष विशाल बुद्ध विहार से चोर उठा ले गए 50 हजार का समान

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चरवा थाना अंतर्गत नीबी शाना गांव में स्थित अस्वघोष विसाल बुद्ध विहार से बीती रात चोर 50 हजार रुपए कीमत का सामान उठा ले गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है बताया जाता है कि इसके पहले भी बुद्ध विहार में चोरी का प्रयास हो चुका है थाने में दिए शिकायती पत्र के मुताबिक 26 नवंबर की रात्रि 9:00 बजे बुद्ध विहार परिसर में लगा 4 हाईमास्ट लाइट व केबिल तार काट कर चोर उठा ले गए संस्थापक रामविशाल पासवान ने बताया कि चोरी कर सामान ले जाते हुए लोगों को उन्होंने पहचान लिया है और मामले की नामजद सूचना पुलिस को दी गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

मजदूर की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लोहदा मोड़ के पास साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

मोहन लाल मौर्य उम्र तकरीबन 45 वर्ष पुत्र रामकुमार मौर्य निवासी वार्ड नं 1 भौतर नगर पंचायत अझुवा दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करता था बीती शनिवार शाम हड्डी मिल के पास से मजदूरी कर वापस घर जाते समय लोहदा मोड़ से थोड़ी दूर आगे राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी साथ मे दूसरी साइकिल से मजदूरी करने गए भाई और साथियों ने एम्बुलेंस के माध्यम से इस्माइल पुर सीएचसी में उसे भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने गम्भीर स्थिति देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया।

परिजन गम्भीर घायल मोहन को प्रयागराज ले जा रहे थे किंतु मूरतगंज के पास घायल ने दम तोड़ दिया हताश परिजन शव लेकर घर पहुंचे मृत्यु की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया रविवार सुबह परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक का एक ही पुत्र है जो प्रयागराज रहकर पढ़ाई कर रहा है परिजनों ने गमगीन माहौल में शाम को अंतिम संस्कार कर दिया है।

शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई

अखंड भारत संदेश

हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़।

अझुवा कौशाम्बी। जिले में कड़ा धाम कोतवाली के अहमदगंज के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो पेड़ से टकरा गई,हादसे में बोलरों सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए,घटना के बाद पहुंचे स्थानीय लोगों एवम पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस और ऑटो से पास के अस्पताल भेजा जहा सभी का इलाज किया जा रहा है।घटनाक्रम के मुताबिक सिराथू से एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोग खागा जा रहे थे जैसे ही बोलेरो कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के अहमदगंज के पास पहुंची तभी अचानक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई,हादसे में बोलरों सवार महिलाओ सहित कई लोग घायल हो गए।सूचना पर मौके पर पहूँची कड़ा धाम थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने स्थानीय लोगो और पुलिस की सहायता से सभी घायलों को एंबुलेंस और ऑटो से अस्पताल भेजा है हादसे की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

आंगनवाड़ी का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर का चालक कूदकर फरार

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से बीच सड़क पर पलटा सामान लदा ट्रैक्टर

ट्रैक्टर पलटने के बाद बिखरा सामान।

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। आंगनवाड़ी केंद्र के जरिए वितरित होने वाले सामानों को लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर चालक बीच सड़क पर तेज गति ट्रैक्टर को छोड़ कर कूद गया है जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और ट्रैक्टर में लदा सामान सड़क पर बिखर गया है जिससे आंगनवाड़ी के सामानों का नुकसान हुआ है सूचना पाकर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सड़क से सामान हटाकर साइड करवा दिया है ट्रैक्टर के आगे रोडवेज बस बस खड़ी थी सहयोग अच्छा था कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है वरना ट्रैक्टर रोडवेज बस से टकरा जाता तो बड़ा हादसा होने से कोई रोक नहीं सकता था हादसे में ट्रैक्टर चालक को चोट नहीं आई है।फतेहपुर से ट्रैक्टर चालाक बाबूराम पुत्र देशराज पाल ट्रैक्टर में मूंगफली का तेल लोडिंग कर चायल आंगनवाड़ी केंद्र जा रहा था जैसे ही कोखराज थाना के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैक्टर पहुंचा सामने एक रोडवेज बस सवारी लेने के चक्कर में खड़ी हो गई जिससे ट्रैक्टर चालक अनियंत्रित हो गया और वह ट्रैक्टर से कूदकर फरार हो गया जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया ट्रैक्टर पलटने से उसमें लदा आंगनवाड़ी का मूंगफली का तेल का कार्टून सड़क पर बिखर गया ट्रैक्टर पलटने से मार्ग पर अफरा तफरी मच गया सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची आसपास के लोगों की घटनास्थल पर भीड़ लग गई पुलिस ने बिखरे सामान को सड़क से हटा कर साइड में रखवा दिया है हादसे में ट्रैक्टर चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है यदि सामने खड़ी रोडवेज बस से ट्रैक्टर टकरा जाता तो कौशांबी के लिए आज मनहूस खबर होती।

रास्ता भटक कर चरवा पहुंचे वृद्ध, स्थानीय लोगो की सूचना पर पुलिस ने कहा थाना मत लाओ

अखंड भारत संदेश

भटक रहा वृद्ध।

कौशाम्बी। जिले के चरवा थाना क्षेत्र में बीती रात एक वृद्ध अचानक भटकते हुए पहुंच गए,वृद्ध अपना नाम हरेंद्र सिंह बता रहे है और पता बिहार प्रदेश के जनपद आरा थाना शाहपुर और गांव सरना बता रहे है,वह यहां कैसे पहुंचे और कहा जा रहे थे कुछ भी नही बता पा रहे है, स्थानीय लोगो ने उन्हें ठंड से बचने के लिए व्यवस्था की और इसकी सूचना चरवा थाना प्रभारी को दी।लोगो का आरोप है कि चरवा थाना प्रभारी ने गैर जिम्मेदाराना जवाब देते हुए उन लोगो से कहा कि उसे थाना मत लाना अपने पास रखो,पुलिस थाना प्रभारी के इस रवैए से लोगो में रोष व्याप्त है।वही समाजसेवी लोगो ने उस वृद्ध को रात भर भोजन कराकर उनके सोने की व्यवस्था की।

पुलिस ने कहा अपने पास रखो लोगो में पुलिस की कार्यशैली के प्रति आक्रोश

योगी के गड्ढा मुक्त अभियान को पलीता लगा रहे है ठेकेदार

अखंड भारत संदेश

मरम्मतीकारण सड़क का दृश्य।

कौशाम्बी। योगी सरकार ने 30 नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया है योगी सरकार का निर्देश मिलने के बाद सड़कों के गड्ढे भरने के बजाय केवल औपचारिकता कर सरकारी खजाने से रकम निकाली जा रही है सड़क को गड्ढा मुक्त करने के अभियान में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है योगी सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिससे भ्रष्टाचारियों के द्वारा भ्रष्टाचार करके योगी सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है जिसका ताजा नमूना मंझनपुर विकास खण्ड के करारी से सटे मुकीमपुर गांव से महेन्द्र तक सड़क को गड्ढा मुक्त करने का काम लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड ने ठेकेदार को दिया है लेकिन ठेकेदार मनमानी पर उतारू है सड़क में किसी भी प्रकार कोई सफाई नही किया और न ही डामर का छिड़काव किया गया है गड्ढे भी नहीं भरे गए हैं सीधा सड़क में घटिया क्वालिटी की गिट्टी डालकर सड़क को गड्ढा मुक्त करने का प्रयास हो रहा है अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर रातों रात धन कुबेर बनने का सपना ठेकेदार देख रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है फिलहाल ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड से शिकायत कर घटिया निर्माण पर रोक लगाए जाने और ठेकेदार के कार्यों की जांच कराकर दंडित किए जाने की मांग की है।

स्टे के बावजूद जमीन पर कब्जा कर रहे लोगों को मना करने पर दबंगों ने महिला से की अभद्रता

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चायल तहसील के रैया देह माफी गांव की जगरानी देवी पत्नी राम औतार की जमीन अराजी संख्या 457 क रकबा 0.1141 हेक्टेयर का मुकदमा सिविल न्यायालय में विचाराधीन है मामले में अदालत में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है लेकिन उसके बाद भी दूसरे पक्ष के लोग जमीन पर जबरिया निर्माण कर रहे हैं महिला जगरानी ने बताया कि 27 नवम्बर को गांव के ही भोला पुत्र रम्भा पटेल जमीन पर जबरन कब्जा करने लगा निर्माण कार्य शुरू कर दिया तो महिला ने निर्माण का विरोध किया जिस पर भोला वा सुभाष पटेल ने जगरानी देवी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मार पीट करने पर आमादा हो गए दबंगों के चंगुल से छूट कर महिला घर के भीतर घुसी है तब उसकी जान बची है जगरानी देवी ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से किया है।

रामप्रताप लाली अध्यक्ष व गुणेश त्रिपाठी बनें महामंत्री

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल संगठन के चुनाव में पूर्व विधायक ने दिया आशीर्वाद

रत्नेश यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कृष्णकांत तिवारी बनें जिला उपाध्यक्ष

निर्वाचित शिक्षक।

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ कौशाम्बी की जिला कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को बीआरसी मूरतगंज में संपन्न हुआ।सभी पदों पर एक एक नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन चुनाव पर्यवेक्षक विनोद पांडेय जिलाध्यक्ष प्रयागराज, मंडल अध्यक्ष अलका बाजपेई, मंडल संयुक्त मंत्री नीलिमा श्रीवास्तव एवं मंडल उपाध्यक्ष सीमा सिंह की उपस्थिति में सकुशल सम्पन्न हुआ। चुनाव के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक समाज का निमार्ता होता है। हम सबको मिलकर शिक्षकों की समस्यायों के निराकरण हेतु कदम बढ़ाना है। शिक्षकों को किसी भी तरह की समस्या न हो उसके लिए जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक संघ उद्यत है। चुनाव में राम प्रताप अध्यक्ष, गुणेश तिवारी महामंत्री,रत्नेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनीता त्रिपाठी उपाध्यक्ष (महिला),कृष्ण कांत तिवारी ,वीतराग द्विवेदी,मनोज कुमार , विनोद कुमार श्रीवास्तव , राजकुमार को उपाध्यक्ष , संतोष कुमार शर्मा , अशोक कुमार , बरमदीन राना,फिरदौस फात्मा सचिन कुमार ओझा, संपूणानंद व ज्योत्सना सिंह को संयुक्त मंत्री , सुनील कुमार सिंह कोषाध्यक्ष,राम प्रसाद लेखाकार,राम कृष्ण पाण्डेय आय व्यय निरीक्षक अजय कुमार यादव मीडिया प्रभारी ,चंद्र भवन प्रवक्ता चुने गए सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने के लिए जनपद के सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

मण्डलायुक्त प्रयागराज ने किया प्राथमिक विद्यालय, कोइलहा बूथ का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

बूथ का निरीक्षण करते कमिश्नर।

कौशाम्बी। मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत ने अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय, कोइलहा बूथ का निरीक्षण कर अब तक प्राप्त फॉर्म-6 आदि जानकारी प्राप्त किया कोइलाहा बूथ का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं बी0एल0ओ0 को आवश्यक दिशा निर्देश दिया उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पांडेय एवं उप जिलाधिकारी चायल मनीष यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

संकीर्ण लोगों को शिवाजी की उदारता नहीं भाती

मध्ययुगीन भारत के सर्व समाज के लोकप्रिय शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम को लेकर अक्सर कोई न कोई विवाद खड़ा करने की कोशिश की जाती रही है। शिवाजी के नाम का राजनैतिक लाभ तो सभी उठाना चाहते हैं परन्तु उनके शासन करने की शैली,उनकी उदारता,धार्मिनिर्पेक्ष मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सभी पर्दा भी डालना चाहते हैं। इसके बजाये शिवाजी महाराज के जीवन व उनके व्यक्तित्व को अपने अपने राजनैतिक लाभ के मद्देनजर अनेक नेता व राजनैतिक दल अपने ही तरीके से परिभाषित करने की कोशिश करते रहते हैं। शब्दों के हेर फेर से उनके वृहद मकसद पर पर्दा डालकर कुछ संकीर्ण विचारों वाले संगठन व इनसे जुड़े नेता शिवाजी को भी अपने 'संकीर्ण' विचार के फ़्रेम में फिट करना चाहते हैं। परन्तु उपलब्ध दस्तावेज व इतिहास के स्वर्णिम पन्ने इन संकीर्ण सोच रखने वालों की इन कोशिशों पर हमेशा पानी फेर देते हैं। और तभी यह अतिवादी संकीर्ण लोग इतिहास बदलने की मुहिम चलाने लगते हैं और वास्तविक इतिहास को झुठलाने में लग जाते हैं।

शिवाजी के नाम पर छिड़ा ताजा विवाद महाराष्ट्र के राजयपाल व आर एस एस के समर्पित प्रचारक रहे भगत सिंह कोश्यारी द्वारा दिये गये एक बयान को लेकर छिड़ा है जिसमें उन्होंने शिवाजी को 'पुराना आदर्श ' और बाबासाहेब आम्बेडकर व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को 'नया आदर्श' बताया। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कथित तौर पर यह भी कहा कि- शिवाजी ने मुगल बादशाह औरंगजेब से पांच बार 'माफी मांगी' थी। शिवाजी के अपमान का यह मामला अब मुंबई उच्च न्यायालय तक पहुँच गया है जहाँ एक याचिका दायर कर कोश्यारी को राज्यपाल पद से हटाने की मांग की गई है। साथ ही इसी याचिका में राज्यपाल कोश्यारी व भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने की मांग भी की गई है। शिवाजी के तेरहवें वंशज उदयन राजे भोंसले ने तो यहाँ तक कहा है कि -' कोश्यारी एक 'थर्ड क्लास ' व्यक्ति है। इसे राज्यपाल पद से हटाकर राजभवन से बाहर करना चाहिए। क्योंकि वह यहाँ बैठने के काबिल नहीं। इसे राजभवन से निकालकर वृद्धाश्रम भेज देना चाहिये।'

कोश्यारी अथवा किसी अन्य भाजपा अथवा संघ परिवार के नेता द्वारा शिवाजी ही नहीं देश के किसी भी शासक अथवा नेता के उदारवादी व धर्मनिरपेक्ष पक्ष पर पर्दा डालना और उसी घुमा फिरा कर अतिवादी हिंदूवादी बताना इनकी दूरगामी रणनीति का एक हिस्सा है। अन्यथा जिस संघ व भाजपा के लोग पौराणिक कथाओं के महापुरुषों को अनंत काल तक के लिये मानव आदर्श मानते हों उनका मध्ययुगीन भारतीय इतिहास के महान नायक को पुराना आदर्श बताना आश्चर्य का विषय है। याद कीजिये वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवाणी ने पाकिस्तान में जिन्ना की मजार पर जाने के बाद जिन्ना को 'धर्म निरपेक्ष ' नेता बताकर अपना पूरा राजनैतिक कैरियर समाप्त कर लिया। इतना ही नहीं बल्कि टीपू सुल्तान जैसे देशभक्त,उदारवादी व धर्मनिरपेक्ष शासक को बदनाम करने में भी यह अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं।

राहुल का अद्भुत भोलापन

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

राहुल गांधी की मध्य प्रदेश यात्रा सर्वाधिक सफल रहने की उम्मीद है। पिछले तीन-चार दिनों में मुझे यहां के कई शहरों और गांवों से गुजरने का अवसर मिला है। जगह-जगह राहुल, कमलनाथ, दिग्विजयसिंह और स्थानीय नेताओं के पोस्टरों से रास्ते सजे हुए हैं। लेकिन राहुल के कुछ बयान इतने अटपटे होते हैं कि वे इस यात्रा पर पानी फेर देते हैं। जैसे जातीय जनगणना और सावरकर पर कुछ दिन पहले दिए गए बयानों ने यह सिद्ध कर दिया था कि वह अपनी दादी और माता की राय के भी विरुद्ध बोलने का साहस कर रहे हैं। ये कथन सचमुच साहसिक होते तो प्रशंसनीय भी शायद कहलाते। लेकिन वे साहसिक कम अज्ञानपूर्ण ज्यादा थे। इसके लिए असली दोष उनका है, जो राहुल को पर्दे के पीछे से पट्टी पढ़ाते रहते हैं। अब मध्य प्रदेश के महान स्वतंत्रता सेनानी टंट्या भील के जन्म स्थान पर पहुंचकर उन्होंने कह दिया कि टंट्या भील ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़कर अपनी जान दे दी, जबकि आरएसएस अंग्रेजों की मदद करता रहा। उन्होंने संघ द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहने पर भी आपत्ति की, क्योंकि आदिवासियों की सेवा करनेवाले संघ के संगठन इसी नाम का इस्तेमाल करते हैं। राहुल से कोई पूछे कि क्या ये आदिवासी शहरों में रहते हैं? जो वनों में रहते हैं, उन्हें वनवासी कहना तो एकदम सही है। आदिवासी शब्द का इस्तेमाल 'कबाइली' या ट्राइबल के लिए हुआ करता था लेकिन उस समय यह सवाल भी उठा था कि क्या सिर्फ आदिवासी लोग भारत के मूल निवासी हैं? बाकी सब 80-90 प्रतिशत लोग क्या बाहर से आकर भारत में बस गए हैं? मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को इस बात का श्रेय है कि उन्होंने टंट्या भील को एक महानायक का सम्मान दिया है। इसी प्रकार संघ को अंग्रेज का समर्थक बताना भी अपने इतिहास के अज्ञान को प्रदर्शित करना है। राहुल का भोलापन अद्भुत है। उस पर कुर्बान जाने का मन करता है। देश की स्वाधीनता का ध्वज फहरानेवाली महान पार्टी कांग्रेस के पास आज कोई परिपक्व नेता नहीं है, यह देश का दुर्भाग्य है। यह ठीक है कि हमारे देश में कुछ नेता प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच गए लेकिन उनका ज्ञान राहुल जितना या उससे भी कम रहा होगा लेकिन उनकी खूबी यह थी कि वे अपने चारों तरफ ऐसे लोगों को सटाए रखते थे, जो उन्हें लुढ़कने से बचाए रखते थे। कांग्रेस के पास आज मोदी के विकल्प के तौर पर न तो कोई नेता है और न ही नीति है लेकिन इस अभाव के दौरान राहुल की यह भारत यात्रा बेचारे निराश कांग्रेसियों में कुछ आशा का संचार जरूर कर रही है लेकिन यदि अपने बयानों में राहुल थोड़ी रचनात्मकता बढ़ा दें और किसी के भी विरुद्ध निराधार अप्रिय टिप्पणियां न करें तो यह यात्रा उन्हें शायद जनता से कुछ हद तक जोड़ सकेगी।

कमांडो से सेनाध्यक्ष अब एक सफल राजनेता

सेना से सेवानिवृत्त होने के पश्चात 'जनरल वीके सिंह' ने देश की बेहद मजबूत नींव की जड़ों को खोखला कर रहे अपने चरम पर पहुंच चुके भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने का कार्य शुरू किया था, भ्रष्टाचार विरोधी व जनहित के बहुत सारे मसलों को लेकर के वह देश में तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ चल रहे अन्ना हजारे के आंदोलन को अपना समर्थन देकर उसमें भाग लेने का कार्य किया था

हमारे यहां एक कहावत बहुत ही प्रचलित है कि एक फौजी अपने पूरे जीवन भर फौजी ही रहता है। अपने सेवाकाल में एक फौजी के लिए देश के प्रति जो सेवा और समर्पण के भाव का जज्बा होता है, वही भाव सेवानिवृत्त होने के बाद भी जीवन काल में बिल्कुल भी कम नहीं होता है। देश में ऐसी ही एक शानदार व्यक्तित्व वाली बेहद प्रभावशाली शख्सियत हैं पूर्व सेनाध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय मंत्री 'जनरल वीके सिंह' की, वह सेना में कमांडो व सेनाध्यक्ष के रूप मां भारती की सेवा करते हुए देश के दुश्मनों से टकराने में भी हमेशा आगे रहे हैं और सियासी रणभूमि में भी विरोधियों को हराने में आगे रहे हैं। उन्होंने सेना में सेवाकाल के दौरान राजस्थान के तपते रेगिस्तान से लेकर जम्मू कश्मीर व नार्थ ईस्ट भारत की जमा देने वाली बर्फ से ढकी दुर्गम पहाड़ियों और देश की समुद्री सरहद वाले क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक कार्य किया। वह आयेदिन चीन से होने वाली झड़प के सैन्य मोर्चा पर भी काम करते हुए सफल रहे, वहीं जम्मू-कश्मीर की दुर्गम पर्वत मालाओं पर भी उन्होंने देश के दुश्मनों के खिलाफ समय-समय पर सैन्य अभियान चलाकर आतंकियों का चुन-चुन कर सफलतापूर्वक सफाया करवाने का कार्य किया। उन्होंने बंग्लादेश के मुक्ति संग्राम में भी भाग लिया, वहीं श्रीलंका में शांति स्थापित करने के लिए भी कार्य किया। वह देश-दुनिया की भूमि पर एक भारतीय सैन्य अधिकारी के रूप में अपने विभिन्न अभियानों को सफलतापूर्वक निभाने के बाद सेना के सर्वोच्च पद से सेवानिवृत्त हुए। लेकिन सेवानिवृत्त होने के वाबजूद भी एक जांबाज योद्धा की तरह ही 'जनरल वीके सिंह' संकटमोचक के रूप में देश की सेवा करने के लिए आज भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी व तत्परता से निरंतर उपलब्ध हैं। वह सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी देश के एक देशभक्त व जागरूक आम नागरिक के रूप में आम जनमानस के सरोकारों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर के तत्कालीन मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार से भी टकराने में आगे रहे हैं। अब वह एक राजनेता के रूप में उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद लोकसभा से सांसद के रूप में दायित्व का निर्वहन कर रहें हैं। 'जनरल वीके सिंह' केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं और उनकी गिनती देश के एक ऐसे राजनेता के रूप में होती है, जो नरेंद्र मोदी सरकार में मिलने वाली प्रत्येक छोटी हो या बड़ी किसी भी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में भी हमेशा आगे ही रहते हैं। यहां आपको बता दें कि 'जनरल वीके सिंह' ने 31 मार्च 2010 को भारतीय सेना के बेहद महत्वपूर्ण सर्वोच्च पद थल सेना के सेनाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी को संभालने का कार्य किया था, वह देश के ऐसे पहले कमांडो हैं जो सेनाध्यक्ष के सर्वोच्च पद तक पहुंचे और वह 31 मई 2012 को एक इतिहास में दर्ज होने वाले बेहद सफल सेनाध्यक्ष के रूप में इस पद से सेवानिवृत्त हो गए थे। 'जनरल वीके सिंह' को सेना में सेवा काल के दौरान सेवा के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और युद्ध सेवा मेडल आदि से समय-समय पर नवाजा गया है। 'जनरल वीके सिंह' ने मार्च 2012 में सेना में व्याप्त समस्याओं व खरीद में भ्रष्टाचार के मसलों को अपने साक्षात्कार व पत्र के माध्यम से दमदार ढंग से उठाने का कार्य किया था। उन्होंने संसाधनों व आधुनिक तकनीक की जबरदस्त कमी से जूझ रही भारतीय सेना की बेहद गंभीर हो चुकी समस्या को तुरंत पहचान कर तत्कालीन रक्षामंत्री व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी समस्या से अवगत करवाने का साहसिक कार्य किया था। उन्होंने देश की सेना के टैंकों में गोला-बारूद खत्म होने के कगार पर है और सिस्टम के बेहद ढुलमुल रवैए से अप्रचलित तकनीक फौजियों के जीवन व देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है, जैसे बहुत सारे सेना व देश की सुरक्षा के हित से जुड़े हुए बेहद महत्वपूर्ण ज्वलंत मसलों को उठाकर के कुंभकर्णी नींद लेने में व्यस्त देश के कर्ताधर्ताओं व नीतिनिमार्ताओं को समय रहते हुए जगाने कार्य किया था। सेना से सेवानिवृत्त होने के पश्चात 'जनरल वीके सिंह' ने देश की बेहद मजबूत नींव की जड़ों को खोखला कर रहे अपने चरम पर पहुंच चुके भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने का कार्य शुरू किया था, भ्रष्टाचार विरोधी व जनहित के बहुत सारे मसलों को लेकर के वह देश में तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ चल रहे अन्ना हजारे के आंदोलन को अपना समर्थन देकर उसमें भाग लेने का कार्य किया था। देश के सियासी गलियारों में ऐसा माना जाता है कि उस वक्त अन्ना हजारे के आंदोलन को सफल बनाने में 'जनरल वीके सिंह' की भी बेहद अहम व महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इसके पश्चात 'जनरल वीके सिंह' मार्च 2014 में अपनी आधिकारिक रूप से राजनीतिक पारी की शुरूआत करते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये थे और वर्ष 2014 के लोकसभा के चुनावों में वह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनावी रणभूमि में उतर गये थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 'जनरल वीके सिंह' ने कांग्रेस के दिग्गज स्टार उम्मीदवार प्रसिद्ध फिल्म स्टार राज बब्बर को भारी मतों से हराने का कार्य किया था, उस वक्त 'जनरल वीके सिंह' को कुल 7 लाख 58 हजार 4 सौ 82 वोट मिले थे और राज बब्बर दूसरे नंबर पर रहे, 'जनरल वीके सिंह' ने 5 लाख 67 हजार 2 सौ 60 मतों के भारी अंतर से चुनावी जीत हासिल करके एक रिकॉर्ड बनाने का कार्य किया था। जिसके पश्चात उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार में विदेश राज्य मंत्री, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य किया था। वहीं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से ही वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में 'जनरल वीके सिंह' को 9 लाख 44 हजार 5 सौ 03 वोट मिले थे। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी सुरेश बंसल को 5 लाख 01 हजार 5 सौ मतों के भारी अंतर से हराकर जीत दर्ज करने का कार्य किया था, फिलहाल 'जनरल वीके सिंह' केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री के साथ-साथ नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में अपने बेहद महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन अपनी लोकसभा के लोगों का पूरी तरह से ध्यान रखते हुए सफलतापूर्वक निर्वहन करने का कार्य कर रहे हैं। *'' 'जनरल वीके सिंह' ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली, मेहनत व जुझारू तेवरों का समय-समय पर देश व दुनिया को बखूबी परिचय देना का कार्य किया है। वह एक ऐसे जांबाज जिंदादिल योद्धा हैं जो चाहे वर्दी में रहे हों या फिर देश के एक आम आदमी के लिबास में या देश में एक राजनेता के रूप में हमेशा मान सम्मान व स्वाभिमान के साथ एक जिम्मेदार नागरिक की तरह अनुशासित जीवन यापन करते हुए मां भारती की सेवा करने के लिए तत्पर तैयार खड़े रहते हैं।'' 'जनरल वीके सिंह' ने सेना में रहते हुए एक आम सैनिक से लेकर सर्वोच्च पदों पर आसीन जांबाजों की विकट परिस्थितियों में काम करने की क्षमता से देश दुनिया को अवगत करवाने का कार्य बखूबी किया था। उन्होंने देश के सामने विकट परिस्थितियों में मां भारती की सेवा का कार्य करने वाले सेना के जांबाज सैन्यकर्मियों के वर्षों से लंबित दुख-दर्द व समस्याओं को लाकर के उनके निदान के लिए अपने कार्यकाल में धरातल पर बहुत सारे सकारात्मक प्रयास किये थे। उन्होंने सेनाध्यक्ष के रूप में जंग लगे दशकों पुराने खस्ताहाल हथियारों के भरोसे संघर्ष कर रही वीर जांबाज भारतीय सेना के आधुनिकीकरण करने पर पूरा जोर दिया था और उसके लिए धरातल पर कारगर कार्य करने का काम किया था। 'जनरल वीके सिंह' ने सेना में सेवा के उस काल खंड के दौरान सेना के शीर्ष व निचले स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की आयेदिन पोल खोलकर भ्रष्टाचार की गंदगी को साफ करने का कार्य बखूबी से किया था, हालांकि उनके इस साहसिक कदम ने उस वक्त देश-दुनिया की मीडिया में बहुत ही जबरदस्त चर्चा बटोरने का कार्य भी किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय सेना की रीढ़ माने जाने वाले लाखों पैदल सैनिकों के दर्द को समझा, क्योंकि वह बेहद निम्नस्तर की गुणवत्तापूर्ण वाले कपड़ों और घटिया उपकरणों आदि से लैस थे, उनको बेहतर आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करवाने की पहल करने के एक बहुत बड़े असंभव कार्य को दृढ़ संकल्प के दम पर 'जनरल वीके सिंह' ने संभव करके देश-दुनिया को दिखाया था, क्योंकि देश की सुरक्षा से जुड़ा यह महत्वपूर्ण कार्य भी गलत नीतियों, भ्रष्टाचार व लालफीताशाही के चलते दशकों से फाइलों से बाहर निकल कर धरातल पर मूर्त रूप लेने के लिए तैयार ही नहीं था।

कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

सर्वोच्च न्यायालय ने बीते दिनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति को लेकर एक अहम टिप्पणी की और एक मजबूत मुख्य चुनाव आयुक्त की जरूरत पर जोर दिया। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि संविधान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों के नाजुक कंधों पर बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं और वह मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर टीएन शेषन की तरह के सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति को चाहता है।संविधान पीठ चाहती है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति में देश के प्रधान न्यायाधीश को भी शामिल किया जाए। इससे नियुक्ति की प्रक्रिया और चयन में तटस्थता सुनिश्चित हो सकेगी। ऐसे व्यक्ति को संवैधानिक पद पर बिठाया जा सकेगा, जो खुद को सरकार के सामने बाध्य अथवा भयभीत न होने दे। तमाम राजनीतिक दबावों से भी अप्रभावित रह सके। देश के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसीटर जनरल ने इसे कार्यपालिका में न्यायपालिका का दखल माना है। वे इसे लोकतंत्र पर खतरा भी मानते हैं। शीर्ष विधि अधिकारियों का मानना है कि इससे संविधान फिर से लिखना पड़ सकता है। संविधान ने लोकतंत्र के अलग-अलग स्तंभों और उनकी शक्तियों का वर्गीकरण तय कर रखा है, फिर हस्तक्षेप की गुंजाइश कहां है? दरअसल संदर्भ यह था कि कैबिनेट ने पंजाब काडर के आईएएस अधिकारी रहे अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है। संविधान पीठ ने सिर्फ नियुक्ति-प्रक्रिया देखने के लिए उस केस की फाइल मांगी है, जिस पर अटॉर्नी जनरल ने आपत्ति दर्ज कराई है। संविधान पीठ को अधिकारी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्ति में कुछ विसंगतियां लगती हैं। प्रधान न्यायाधीश को नियुक्ति में एक पक्ष बनाने का सुझाव तो प्रसंगवश है। जस्टिस केएम जोसेफ ने जवाब दिया कि सीबीआई निदेशक और केंद्रीय सतर्कता आयुक्तों की नियुक्ति में प्रधान न्यायाधीश भी एक पक्ष होते हैं। तो क्या लोकतंत्र खतरे में पड़ गया? दरअसल यह संविधान पीठ और कार्यपालिका के बीच एक संवैधानिक चुनौती बन गई है, जिसे हर हाल में संबोधित किया जाना चाहिए। संविधान पीठ का सरोकार और सवाल यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और शेष दो आयुक्तों के कार्यकाल 6 साल तय हैं। उन्हें पूरा क्यों नहीं किया जा रहा है? मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्त तय कार्यकाल से पहले ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं अथवा उन्हें इस्तीफे के लिए बाध्य किया जा रहा है? संविधान पीठ की चिंता है कि यदि सरकार अपने यस मैन को आयुक्त नियुक्त करेगी, तो ऐसे व्यक्ति की सोच भी सरकार जैसी ही होगी। देखने में सब कुछ ठीक लगता है, लेकिन उसे कार्य करने में स्वतंत्रता है या नहीं, यह गंभीर सवाल है। आखिर यह देश के चुनाव आयोग का सवाल है, जो पूर्णतरू स्वायत्त और स्वतंत्र होना चाहिए। संविधान पीठ के अध्यक्ष जस्टिस केएम जोसेफ हैं, जो इस केस के जरिए चुनाव आयोग की भूमिका और स्वायत्तता में महत्वपूर्ण सुधारों के पक्षधर हैं। उनके सामने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका भी है। भारत में चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्थान है, जो स्वतंत्र भारत में चुनाव-दर-चुनाव कराता रहा है। उसने नागरिकों के मताधिकार को जिंदा और प्रासंगिक बनाए रखा है। पिछली सदी के अंतिम दशक में पूरे कार्यकाल में काम करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने अपने विजन से चुनाव प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन किये। बिना किसी राजनीतिक दबाव के चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाया। उनकी अनुशासित व सख्त कार्यशैली से राजनीतिक दल निरंकुश व्यवहार नहीं कर पाये। लेकिन उनके बाद शायद ही किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पूरा कार्यकाल मिला हो जिससे वे चुनाव सुधार की प्रक्रिया को मूर्त रूप दे पाते। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ को इस बाबत एक याचिका पर सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी। कोर्ट को कहना पड़ा कि संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया तय न करके यह कार्य संसद पर छोड़ा गया था, जिसका सरकारें अनुचित लाभ उठाती रही हैं। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की सुनवाई के दौरान नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये। साथ ही सरकार से इस चयन से जुड़ी फाइल पेश करने को कहा गया है। कोर्ट का कहना था कि मुख्य चुनाव आयुक्त को इतना सशक्त होना चाहिए कि यदि किसी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकार के मुखिया के खिलाफ कोई शिकायत आये तो उस पर भी कार्रवाई की जा सके। दरअसल, शीर्ष अदालत की टिप्पणी से पहले भी इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष तक है, जो भी पहले पूरा होता हो। लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि सरकारों द्वारा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति इस तरह की जा रही है कि वे निर्धारित अधिकतम आयु सीमा आने के कारण अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते। हालांकि सरकारों को पता होता है कि नियुक्त किये गये व्यक्ति की जन्मतिथि क्या है। उल्लेखनीय है कि लॉ कमीशन भी अपनी रिपोर्ट में कह चुका है कि मुख्य चुनाव आयुक्त सहित सभी चुनाव आयुक्तों का चयन तीन सदस्यीय चयन समिति की सिफारिशों के अनुरूप हो, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता तथा मुख्य न्यायाधीश शामिल हों। यही वजह है कि इस मामले की सुनवाई कर रही संविधान पीठ के न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ ने सरकार से पूछा कि क्या वह इस प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश को शामिल करेगी? यह तभी संभव है जब मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त किसी सरकार, राजनीतिक दल व नेता के प्रभाव से मुक्त होकर निष्पक्ष ढंग से काम करें। आयोग के संदर्भ में प्रत्येक नागरिक का मताधिकार अनुच्छेद 326 के तहत एक वैधानिक नहीं, संवैधानिक अधिकार है। जिस तरह चुनाव सम्पन्न कराए जाते रहे हैं और सत्ता का हस्तांतरण निर्बाध रूप से हो जाता है, उसके लिए चुनाव आयोग की प्रशंसा भी की जाती रही है। हमारे चुनाव आयोग ने कई अन्य देशों में भी तटस्थ और निष्पक्ष चुनावों का मार्ग प्रशस्त किया है। यह प्रक्रिया तभी संभव होती रही है, जब आयोग को संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। इसकी कार्य-प्रणाली प्रथमद्रष्ट्या कार्यपालिका और न्यायपालिका के हस्तक्षेप से स्वतंत्र रही है, लेकिन कुछ उदाहरण हैं, जब आयोग केंद्र सरकार का ही एक हिस्सा प्रतीत होता रहा है। उसे प्रधानमंत्री दफ्तर से अघोषित निर्देश दिए जाते हैं और वह उसी के अनुरूप चुनाव संबंधी फैसले लेता है। दरअसल दशकों से यह मांग उठती रही है कि चुनाव आयोग में नियुक्ति द्विपक्षीय होनी चाहिए।

किताबी शिक्षा के साथ साथ व्याहारिक शिक्षा भी जरूरी

किशन भावनानी

सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है। याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वत संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्यवहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्योहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे। साथियों भारत में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि कौशलता विकास पर जोरदार तरीके से फोकस किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय का भी गठन किया गया है जो अनेक राज्यों में विभिन्न स्तरों पर कौशलता विकास का जन जागरण अभियान चला रहा हैं। इसके लिए हुनर हाट सहित अनेकों कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मेरा मानना है कि इनका सबसे सटीक कारण हर नागरिक को नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और जो कौशलता के रूप में ज्ञान प्राप्त करेंगे, उनके किरदार में भी झलकेगा जो हमारी सदियों पुरानी संस्कृति भी रही है। इसके विपरीत हम देखते हैं कि किताबी पढ़ाई वाली डिग्रियां जिसे हम पढ़ाई के खर्चे की रसीदें भी कर सकते हैं, प्राप्त करने के बाद भी इंटर्नशिप या प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेना जरूरी होता है। केवल डिग्री के बलपर हम अपने व्यवसाय में प्रैक्टिस नहीं कर सकते या किसी जॉब में शामिल होने के बाद भी उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है और हमारा किरदार उसमें झलकता है कि हम इसके विशेषज्ञ हैं फि र भी अक्सर देखा गया है कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करने के बाद जब सेवा करनें का मौका आता है तो अनेक लोग विदेशों में जाकर सेवाएं प्रदान करते हैं और वही बस जाते हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीदें हैं, परंतु ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके। साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबीअशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेसन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ। साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा। साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबीअनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता। कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है।

महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण के अवसरों की कमी

विजय गर्ग

इस क्षेत्र के पुरुष अपने सामाजिक नेटवर्क का विस्तार करते हैं और विभिन्न चैनलों के माध्यम से नए कौशल सीखते हैं, जिसमें सहकर्मी शिक्षा भी शामिल है हाल के एक शोध से पता चला है कि, हालांकि कृषि क्षेत्र में एक बड़ी आबादी रहती है, लेकिन इस क्षेत्र के कर्मचारी बेहतर परिणाम उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त कुशल नहीं हैं। ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए) और आरवी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के नए शोध से पता चलता है कि कृषि में लगे 54.6% भारतीय श्रमिकों, जिनमें से 20.26% महिलाएं हैं, के बावजूद कौशल प्रशिक्षण मुख्य रूप से कृषि छोड़ने वालों पर लक्षित है। प्रशिक्षण उन पुरुषों के पक्ष में है जो उद्योग या सेवाओं से जुड़ना चाहते हैं। शोध में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि महिलाओं को अपने कौशल को उन्नत करने या एक अलग क्षेत्र में काम करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने की कम संभावना है। अच्छी नौकरियों के अभाव में, अधिक युवा लोग, विशेष रूप से महिलाएं, अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कम से कम अंशकालिक रूप से खेती और कृषि आजीविका में रह रहे हैं या वापस लौट रहे हैं। जबकि पुरुष और महिला दोनों कृषि कौशल को पीढ़ी-दर-पीढ़ी हासिल करते हैं, पुरुष अपने सामाजिक नेटवर्क का विस्तार करते हैं और अन्य चैनलों के साथ-साथ सहकर्मी शिक्षा के माध्यम से भी नए कौशल सीखते हैं, जबकि प्रमुख जाति की महिलाओं और लड़कियों द्वारा कौशल अधिग्रहण घरेलू क्षेत्र तक ही सीमित है।

कार्यों में बरती गई अनियमितता को लेकर ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान को भेजा नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

अखंड भारत संदेश
गंजमुरादाबाद उन्नाव । तहसील बांगरमऊ ब्लाक गंज मुरादाबाद के गांव में मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत की जांच टीम रुरी सादिक पुर गांव पहुंची जहां पर शिकायत कर्ता रामू पुत्र बाबू ने शिकायत कर बताया था। कि ग्राम सभा में बनी आर सी सी सडक और नाली निर्माण में नियम विरूद्ध कार्य किया गया है। जहां 60 मीटर नाली बने बिना ही सचिव और प्रधान ने मिलकर धनराशि निकाल ली है। और आर सी सी सडक भी अधूरी रह गई है। सहायक विकास अधिकारी अनिल राणा की जांच टीम छोटी रुरी कहे जाने वाले मजरे में पहुंची शिकायत के आधार पर जांच शुरू हुई। जिसमें घपलेबाजी हुई हैं इसके साथ रिबोर हैंडपंप के कार्यों में अनियमितता बरती गई है। जिसमें सचिव और प्रधान को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। यदि जवाब सन्तोष जनक नहीं मिलता है तो जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी, मुख्य जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। आगे की कार्यवाही उच्च अधिकारी करेंगे। इधर प्रधान ने शिकायत के बाद रुकें हुए नाली और आर सी सी सडक का निर्माण बड़ी जोरदारी से शुरू कर दिया है। अब देखने वाली बात यह है कि उच्च अधिकारी इस पर क्या कदम उठाएंगे। या ऐसे ही लीपापोती कर दी जाएगी। वैसे गांव के लोगों का कहना है कि गलत काम हुआ है तो कार्यवाही बिल्कुल होनी चाहिए।

उन्नाव पुलिस ने 31 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश
उन्नाव । पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उन्नाव पुलिस द्वारा 31 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

थाना गंगाघाट
1.राधे पुत्र सोहन लाल निवासी शंकर पुर सराय थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव 2.मनोज सविता पुत्र श्याम मनोहर निवासी कंजौरा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव 3.सोनेलाल पुत्र कल्लू नाई निवासी ग्राम सरोसी कन्जौरा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
4.रामसजीवन पुत्र राम प्रसाद निवासी पीपरखेड़ा डेरावाला थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
5.रामचन्द्र पुत्र रामप्रसाद निवासी पीपरखेड़ा डेरावाला थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
6.देवीदीन पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी रजवाखेडा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
7.श्रीराम शंकर पुत्र सोबरन निवासी कृष्णा पब्लिक स्कूल के सामने गली में प्रेमनगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव

थाना पुरवा
1.गोंदलाल पुत्र फक्कड यादव नि0 ग्राम तौरा थाना पुरवा जनपद उन्नाव
2.राजू सिंह पुत्र भगवानदीन नि0 ग्राम सुम्हारी थाना पुरवा जनपद उन्नाव
3.पप्पू पुत्र देवी नि0 ग्राम सैदपुर थाना पुरवा जनपद उन्नाव

थाना औरास
1.सोनू पुत्र स्व0 रमेश नाई नि0 ग्राम पट्टी खंझड़ी थाना औरास उन्नाव 2.राजू पुत्र नौरंग नि0 ग्राम रामपुर खंझड़ी थाना औरास उन्नाव

थाना आसीवन
1.सुऐब पुत्र मेराज उम्र 27 वर्ष नि0ग्राम बादुल्लाखेडा थाना आसीवन जनपद उन्नाव
2.सुहैल पुत्र मेराज नि0ग्राम बादुल्लाखेडा थाना आसीवन जनपद उन्नाव

थाना मांखी
1. पप्पू उर्फ बलराम सिंह पुत्र स्व0 मन्ना सिंह नि0 ग्राम जंगेनगर चौराहा थाना मांखी उन्नाव
2. अनिल कुमार सिंह पुत्र रघुराज सिंह नि0 रऊकरना थाना मांखी उन्नाव

थाना हसनगंज
1.मोहित शुक्ला उर्फ पंडित पुत्र शिवगोबिन्द शुक्ला नि0 कुंडी टोला मटरिया थाना हसनगंज उन्नाव

थाना सोहरामऊ
1.गुड्डू बारी पुत्र नन्हकऊ नि0 आशाखेड़ा थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव

थाना बीघापुर
1.गिरजाशंकर पुत्र छुइयादीन नि0 कुलहाबगहा थाना बीघापुर जनपद उन्नाव 2.राम कुमार पुत्र राम सिंह नि0 ओसिया थाना बीघापुर जनपद उन्नाव

थाना बेहटा मुजावर
1.अमल कुमार पुत्र सुन्दर लाल नि0 ग्राम अटवा थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव

थाना कोतवाली सदर
1.रिंकू उर्फ अवधेश पुत्र रामकुमार अवस्थी निवासी सरोसी कोतवाली सदर उन्नाव 2. सोनू उर्फ अशोक अवस्थी पुत्र रामकुमार नि0 सरोसी थाना कोतवाली सदर उन्नाव
3.शिवशंकर पुत्र रधई नि0 सिहुरा सिकन्दरपुर सरोसी थाना कोतवाली सदर उन्नाव
4.लक्ष्मी कान्त पुत्र राम सिंह निवासी किशोरी खेड़ा थाना कोतवाली उन्नाव

थाना सफीपुर
1.राजकुमार पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम जसरा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव

थाना अजगैन
1.राजू पुत्र जगन्नाथ नि0 एतवारपुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव

थाना दही
1. अरविन्द रैदास पुत्र पुत्तीलाल नि0 बन्दरहा थाना दही जनपद उन्नाव 2. अनिल पुत्र लल्लन रावत नि0 राजेपुर थाना दही जनपद उन्नाव 3. सतवीर सिंह पुत्र एम0पी0 सिंह नि0 आवास विकास कालोनी थाना दही उन्नाव

थाना बिहार
1.बुद्धू लोध पुत्र सरदार लोध निवासी ग्राम भैरमपुर थाना बिहार जनपद उन्नाव

एक्सप्रेस वे पर स्कूटी अनियंत्रित होकर लोहे के लगें इंगल से टकराई भाई बहन दोनों की हुई मौत

अखंड भारत संदेश
बांगरमऊ उन्नाव । बहन की पेट बीमारी की दवा लेने अम्बेडकर नगर से नोएडा जा रहें थे अभी यह लोग औरास सीमा से बाहर निकल पाए थे कि स्कूटी अनियंत्रित होकर रोड के किनारे लगे इंगल से जा टकराई दोनों बहन और भाई को बहुत ज्यादा चोटें आई थीं। यूपीडा कर्मियों ने उन लोगों को औरास सामुदायिक केंद्र में पहुंचाया लेकिन डॉक्टर ने वहां भाई और एक बहन को मृत घोषित कर दिया तथा एक की हालत गंभीर देख कर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिला अम्बेडकर नगर थाना जहांगीरा गांव गौरैया के शेषनाथ के यहां के तीनों बच्चे थे। अभी सई नदी के थोडा आगे बढने पर ही स्कूटी चला रहे अविनाश 18 साक्षी 16 और बडी बहन नेहा 22 तीनों जा टक्कराए उनके परिजनों को सूचना कर दी गई है। पुलिस ने अविनाश और साक्षी के शव पी एम हाउस भेज दिए हैं। और परिजनों को बता दिया है कि उन्नाव के पी एम हाउस और लखनऊ के ट्रामा सेंटर में आपकी बड़ी बेटी नेहा का इलाज चल रहा है। बाकी दोनों भाई बहन के शव उन्नाव पी एम हाउस भेज दिए गए हैं।

कर्वी कोतवाली क्षेत्र में हो रहा नालबन्द जुआ

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के मछली मंडी व रंगियन पुरवा में बडी तादाद में नालबन्द जुआ की फड चल रही है। फड संचालक मनमानी ढंग से जुआ खिलवाते हुए वसूली कर रहे हैं। नालबन्द जुआ की फड का खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि जिला मुख्यालय के मछली मंडी (धोबी घाट) व ट्रांसपोर्ट नगर (रंगियन पुरवा) में लाखों रुपये का नालबन्द जुआ प्रतिदिन खेला जा रहा है। जुआ की फड चंदन रैकवार, संजय केवट, विजय महापात्र व वकील रलिहा समेत कई लोग चला रहे हैं। पुलिस प्रशासन की आंख में धूल झोंककर जुआ की फड चलाई जा रही है। हर फड से तकरीबन आठ हजार रुपये प्रतिदिन सदर कोतवाली पुलिस के नाम पर वसूला जा रहा है। हर फड से वसूली करके दीपू पाण्डेय को दी जाती है, ये पुलिस को पैसा पहुंचाने का काम करता है। दीपू पाण्डेय सदर कोतवाली के कारखास प्रवीण पाण्डेय की मिलीभगत से कर्वी कोतवाली क्षेत्र में जुआ की फड चलाई जा रही है। जुआ फड संचालन के बारे में कर्वी कोतवाल एके मिश्रा ने बताया कि जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही कर फड संचालकों के खिलाफ कडे कदम उठाये जायेंगे।

राजस्व-पुलिस टीम ने चक मार्ग से हटाया अवैध कब्जा

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। मऊ तहसील क्षेत्र में एसडीएम नवदीप शुक्ला के निर्देश पर पहुंची राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में अवैध कब्जे को हटाया गया। चक मार्ग पर किये अवैध कब्जे को हटवाने पर लोगों ने प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। रविवार को एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला ने बताया कि शेषासुबकरा गांव के चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली थी। रविवार को नायब तहसीलदार घासीराम को मौके पर भेजकर अवैध कब्जा हटाया गया। शासन की मंशा है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे कतई न किये जायें। ऐसे अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से ढहाकर संबंधित लोगों पर कार्यवाही भी की जायेगी। इसी क्रम में दो अलग-अलग जगहों पर प्रशासन के निर्देश पर अवैध कब्जे हटाये गये। एसडीएम ने बताया कि ददरी गांव के मजरा पुरा में हाईवे से लगी बंजर भूमि पर अवैध कब्जे की भी शिकायत मिली थी। नायब तहसीलदार घासीराम को भेजकर अवैध कब्जा हटाया गया है। अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ विशेष अभियान चल रहा है। इस माह दस स्थानों से अवैध कब्जे हटवाये गये हैं।

सडक हादसे में ससुर-दामाद की हुई मृत्यु

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। बिजली फिटिंग कर घर लौट रहे ससुर-दामाद की मोटरबाइक में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इससे घटना स्थल पर ही ससुर-दामाद की मृत्यु होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

ये हादसा कर्वी कोतवाली के कालूपुर गांव में देर शाम शनिवार को हुआ। बताया गया कि रैपुरा कस्बे के ससुर मनोज (30) पुत्र राधेश्याम व दामाद यदुनाथ पटेल (28) पुत्र कामता जिला मुख्यालय में एक इमारत में बिजली की फिटिंग कर मोटरबाइक से घर लौट रहे थे।

कान्यकुब्ज वैश्य समाज के 11 जोडे विवाह बंधन में बंधे

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। कान्यकुब्ज वैश्य समाज के दो दिवसीय कन्यादान समारोह में 11 जोडों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज से हुआ। पदाधिकारियों ने नये जोडों को उपहार भेंट किये। समारोह में राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने शिरकत कर जोडों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलनों से समाज का विकास होने के साथ फिजूलखर्ची से बचत होती है।

रविवार को कान्यकुब्ज वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णदास गुप्ता की मौजूदगी में 26-27 नवम्बर को दो दिवसीय कन्यादान समारोह राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में हुआ। दूसरे दिन जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने शिरकत कर नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलनों में शादी करने से अनावश्यक खर्च की बचत होती है। हर वर्ग के लोगों को ऐसे आयोजन करने चाहिए। समाज में एकजुटता का भाव पैदा होता है।

उन्होंने नये जोडों के सुखमय जीवन की कामना की। समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने बताया कि 11 जोडों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज से कराया गया है। उप्र समेत अन्य प्रांत के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। नये जोडों को सिलाई मशीन, मिक्सी, डिनर सेट, पलंग, बिछिया, सोने की कील आदि भेंट की गई। इस मौके पर महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज उर्फ फुकडू, संरक्षक जयनारायण भारती आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

मऊ नगर पंचायत के सभी वार्डों में कांग्रेस लडेगी चुनाव

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मऊ नगर पंचायत में चुनाव को लेकर हुई बैठक में चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सभी वार्डों में चुनाव लडायेगी।

रविवार को मऊ नगर पंचायत की बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि नगर में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। कांग्रेस विकास के लिए काम करेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार गर्ग ने कहा कि इस बार मऊ नगर पंचायत में कांग्रेस का परचम लहरायेगा। अभी से कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट जायें।

बैठक में पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत से निकाय चुनाव में हिस्सा लेगी। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष अकबरी बेगम, जिला सचिव कमलाकान्त शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र पाण्डेय, दिनेश द्विवेदी, राकेश पाण्डेय, यूथ अध्यक्ष गुरदीन दुबे, राजू नामदेव, पिन्टू केशरवानी व संतोष आदि मौजूद रहे।

वाराणसी में ई-रिक्शा को मुख्य मार्ग से हटा दिया जायेगा

वाराणसी। शहर में भीषण जाम का प्रमुख कारक बने ई-रिक्शा को मुख्य मार्ग से हटाये जाने की तैयारी चल रही है। जिला प्रशासन ने ई-रिक्शा को मुख्य मार्ग से हटाये जाने के सम्बन्ध में गठित कमेटी द्वारा ई-रिक्शा के संचालन के लिए मुख्य मार्ग को छोड़कर जोनवार मार्ग का निर्धारण कर दिया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने रविवार को बताया कि परिवहन विभाग व यातायात विभाग द्वारा ई-रिक्शा को मुख्य मार्ग से हटाये जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। शीघ्र ई-रिक्शा को मुख्य मार्ग से हटा दिया जायेगा। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा ई-रिक्शा को मुख्य मार्गों से फीडर मार्गों पर प्रतिस्थापित करने के लिए तीन माह की समयावधि प्रस्तावित की गयी है।

सोच में बदलाव से होगी सफाई: ईओ

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। कामदगिरि स्वच्छता समिति के 45वें अभियान में नगर पालिका के ईओ रामअचल कुरील के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

रविवार को ईओ रामअचल कुरील ने कहा कि स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच और स्वभाव में परिवर्तन लाना मुख्य उद्देश्य है। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि अपने घरों के पीछे साफ-सफाई नहीं रख सकते तो हर किसी को खुद सफाई कर्मी होना चाहिए। सफाई के लिए किसी का इंतजार नहीं करना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच में बदलाव लाने से ही स्वच्छता अभियान की सफलता होगी।

स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि गन्दगी एवं कूडाकरकट दिन-प्रतिदिन बढते जा रहे हैं। जिससे अनेक बीमारियां पैदा हो रही हैं। अपने आसपास खुद को स्वच्छ रखना बेहद जरूरी है। इस मौके पर अंजू वर्मा, निर्मल पाण्डेय, शुभम गुप्ता, जितेन्द्र केशरवानी, जानकी प्रसाद, सुमित, अंकुर, विकास सिंह, मोनू, अनूप आदि ने अभियान में सहयोग किया।

एक सप्ताह में निस्तारित करें समस्यायें: नरेन्द्र

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने सदर बाजार रोड स्थित अपने आवास में लोगों की समस्या सुनकर तत्काल निदान को अधिकारियों से वार्ता की।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी समस्या एक सप्ताह के भीतर निस्तारित की जाये।

रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता से मोहल्लेवासियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उनके आवास में भेंट की। लोगों ने उन्हें बताया कि पटरी दुकानदारों को पटरी से हटाने की नोटिस दी गई है। पटरी दुकानदारों को कहीं दुकान लगाने की अनुमति दी जाये। उन्होंने लोगों से कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। सभी लोगों को रोजगार करने का हक है। ये हक किसी से छीना नहीं जायेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल वार्ताकर लोगों की समस्या का निदान एक सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि एक सप्ताह में समस्यायें निस्तारित की जायें।

प्रेम प्रसंग में प्रेमी की धारदार हथियार से मारकर हत्या

27HCRI37 प्रेम प्रसंग में प्रेमी की धारदार हथियार से मारकर हत्या-प्रेमिका ने परिजनों को बताया दोषी, पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी

जौनपुर। जौनपुर में एक दिल-दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के परिजनों ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। खेतासराय थाना क्षेत्र के लतीफपुर गांव में शनिवार देर रात प्रेमिका के घर वालों ने प्रेमी को एक दूसरे के साथ देख लिया और धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच में जुट गई।

थाना क्षेत्र के लतीफपुर गांव निवासी धनबली बिंद 19 वर्ष का फरीदपुर गांव की एक किशोरी से तीन साल से प्रेम चल रहा था।ग्रामीणों की माने तो दोनों का ननिहाल शाहगंज क्षेत्र के एक गांव में है जहां रहकर दोनों काफी पास आ गए और प्रेम इस कदर परवान चढ़ा की दोनों एक दूसरे पर जान देने को तैयार हो गए जिसकी भनक परिजनों को लग गयी लेकिन तीन वर्ष पूर्व वह नाबालिग थी इसलिए बात नहीं बनी। इधर कुछ दिन पूर्व लड़की लड़के के घर आकर रहने लगी जब वह तीन दिन रह ली तो मामला पुलिस में पहुंचा और दोनों का संबंध विच्छेद कराया गया बावजूद इसके दोनों छुप छुप कर मिलते रहे।ऐसे में उक्त लड़की की शादी परिजन कहीं तय कर दिए आरोप है की प्रेमी युवक ने तय स्थान पर लड़की का अश्लील फोटो भेज दिया जिससे शादी टूट गई और लोग उक्त प्रेमी लड़के से काफी परेशान हो गए ऐसे में जब शनिवार की देर रात लड़की ने लड़के को घर बुलाया तो पास में घर के कई लोग इंतजार में लगे थे मौका पाकर प्रेमी धनबली को गंभीर रूप से लाठी, टांगी,चाकू से कई वार किया और वहीं पास में खेत में फेंक दिए ।इधर मामले की सूचना प्रेमिका ने प्रेमी के घर वालों को जाकर बता दिया तो इसके परिवार और पुलिस के सहयोग से सी एच सी शाहगंज ले गये जहां उसे चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।रविवार को मृतक के चचेरे भाई सरदार बिंद की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमिका के घर वालों के तीन लोगो विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल घटना चाहे जो भी हो जिस तरह एक प्रेमी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया है उसको लेकर गांव में तरह-तरह का चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस मामले में पुलिस तुरंत कार्रवाई करते हुए परिजनों की तहरीर पर 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

घर में चल रही थी शादी की तैयारी, दुल्हन प्रेमी के संग हुई नदारद

बांदा। घर में शादी की तैयारी चल रही थी, रिश्तेदार भी आ गए थे। शादी को लेकर सभी के चेहरे में खुशी दिख रही थी। अचानक पता चला कि जिस लड़की की शादी होनी है, वह शादी से पहले ही घर से नदारद है। यह जानकारी मिलते ही परिजनों की खुशी पल में ही काफूर हो गई। यह मामला जनपद बांदा के कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। इसी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी की शादी 27 नवंबर को होनी थी। शादी की सभी तैयारियां हो चुकी थी। शादी के लिए दहेज का सामान, लड़की के जेवर व कपड़े आदि की खरीदारी हो चुकी थी। अब केवल बारात का इंतजार था। कुछ रिश्तेदार भी घर में आ चुके थे। जिससे घर में शादी को लेकर चहल पहल शुरू हो गई थी। इसी बीच घर से अचानक लड़की फरार हो गई। परिजनों ने बारात आने से पहले लड़की की खोजबीन की रिश्तेदारों के यहां भी पता लगाया लेकिन लड़की का कहीं भी पता नहीं चल पाया। परिजनों के मुताबिक 27 नवंबर को आनी थी। घटना के 2 दिन पहले ही लड़की के पिता एक रिश्तेदार के बेटे के तिलक में महोबा चले गए थे।

‘दुनिया की सबसे मजबूत परमाणु शक्ति बनना हमारा अंतिम लक्ष्य’, तानाशाह किम जोंग उन ने दी धमकी

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने विश्व के तमाम देशों को संदेश देते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में दुनिया की सबसे ताकतवर परमाणु शक्ति बनना उत्तर कोरिया का अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने इसके लिए दर्जनों सैन्य अधिकारियों को प्रोत्साहित भी किया है। किम द्वारा यह घोषणा देश की नई ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के परीक्षण का निरीक्षण करने और परमाणु हथियारों के साथ अमेरिकी परमाणु खतरों का मुकाबला करने का संकल्प लेने के बाद आई है। किम ने कहा कि परमाणु बल का निर्माण राज्य और लोगों की गरिमा और संप्रभुता की मजबूती से रक्षा करने के लिए है, और इसका अंतिम लक्ष्य दुनिया की सबसे शक्तिशाली सामरिक शक्ति बनना है। किम जोंग ने ह्वासोंग-17 को दुनिया का सबसे मजबूत सामरिक हथियार कहा और कहा कि यह उत्तर कोरिया के संकल्प और अंततः दुनिया की सबसे मजबूत सेना बनाने की क्षमता का प्रदर्शन करता है।

हमारे वैज्ञानिकों ने अद्भुत छलांग लगाई- किम जोंग उन

किम ने कहा कि उत्तर कोरिया के वैज्ञानिकों ने बैलिस्टिक मिसाइलों पर परमाणु हथियार लगाने की तकनीक के विकास में एक अद्भुत छलांग लगाई है। परीक्षण में शामिल वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, सैन्य अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ फोटो खिंचवाते हुए किम ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि वे असाधारण रूप से तेज गति से देश के परमाणु निवारक का विस्तार और मजबूत करना जारी रखेंगे। उन कार्यकर्ताओं ने सत्तारूढ़ दल के प्रति निष्ठा और विश्वास की शपथ ली, पार्टी और किम के पूर्ण अधिकार की रक्षा करने की कसम खाई और यह प्रण लिया कि हमारी मिसाइलें केवल उनके द्वारा बताए गए दिशा में सख्ती से उड़ेंगी।

ह्वासोंग-17 ने 1000 किलोमीटर की उड़ान भरी, अमेरिका भी जद में

केसीएनए ने कहा कि ह्वासोंग-17 आईसीबीएम के प्रक्षेपण की पुष्टि उत्तर ने की थी। यह सर्वोच्च प्राथमिकता वाली रक्षा तैयारी की रणनीति का हिस्सा था। उत्तर कोरिया का कहना है कि इसका मकसद सबसे शक्तिशाली और पूर्ण परमाणु प्रतिरोध तैयार करना है।

एजेंसी ने दावा किया कि यह मिसाइल दुनिया में सबसे मजबूत सामरिक हथियार है। मिसाइल ने करीब 69 मिनट में करीब 1,000 किलोमीटर की उड़ान भरी और 6,041 किलोमीटर की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची।इसे इसके आकार के कारण ‘राक्षस मिसाइल’ कहा जाता है। जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार यह मिसाइल कई हथियार ले जाने में सक्षम है। यह करीब 15,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। इसकी जद में अमेरिका भी आता है।

अमेरिका पर शत्रुतापूर्ण नीति अपनाने का आरोप

केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार अपनी बेटी और पत्नी के साथ मिसाइल परीक्षण स्थल पर पहुंचे उत्तर कोरिया के प्रमुख किम जोंग ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की शत्रुतापूर्ण नीति को देखते हुए वे अपने देश की सुरक्षा के लिए परमाणु प्रतिरोध मजबूत करने को मजबूर हुए हैं। इस मौके पर किम ने एलान किया कि यदि दुश्मन धमकी देना जारी रखते हैं, तो हमारी पार्टी और सरकार परमाणु हथियारों का जवाब उसी अंदाज में देगी। उधर, दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने कहा है उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण में ह्वासोंग-17 आईसीबीएम शामिल थी। यह अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल 3 नवंबर को किए गए परीक्षण में विफल हो गई थी।

26/11 मुंबई हमले के विरोध में जापान, अमेरिका में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन

टोक्यो/न्यूयॉर्क। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले की 14वीं बरसी पर दिवंगत आत्माओं के प्रति देश-विदेश में श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। इस हमले में आठ सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी।

जापान की राजधानी टोक्यों में पाकिस्तान दूतावास के सामने लोगों ने एकत्रित होकर 26/11 के मुबंई आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। हमले में शहीद आठ भारतीय सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि व्यक्त की। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने हाथों में भारत का झंडा लेकर पाकिस्तान दूतावास के सामने काफी देर तक प्रदर्शन किया।

इन लोगों के हाथों में एक पोस्टर था, जिसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा सरगना हाफिज सईद की तस्वीर थी। इस पोस्टर में हाफिज सईद की तस्वीर के साथ मुबंई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड लिखा था। इसके अलावा भारतीय अमेरिकियों और दक्षिण एशियाई प्रवासियों ने न्यूयॉर्क में पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। न्यू जर्सी में ह्यूस्टन, शिकागो और पाकिस्तान सामुदायिक केंद्र में पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने भी प्रदर्शन हुए। लोगों ने हाथों में 26/11 हमले के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।

जापान की राजधानी टोक्यों में पाकिस्तान दूतावास के सामने लोगों ने एकत्रित होकर 26/11 के मुबंई आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। हमले में शहीद आठ भारतीय सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि व्यक्त की।

श्रीलंका के तमिल राजनीतिक दल नये संविधान में स्वायत्ता के लिए जोर देंगे

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से वार्ता का न्योता मिलने के बाद तमिल अल्पसंख्यक राजनीतिक दल संघीय व्यवस्था की अपनी मांग, एक तमिल राष्ट्रीय गठबंधन(टीएनए) सहित तीन सूत्री ‘फार्मूला’ का प्रस्ताव रखने के लिए सहमत हो गये हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। द्वीपीय देश के पूर्वी और उत्तरी इलाकों में जनाधार रखने वाले सभी तमिल राजनीतिक दलों ने शुक्रवार को 89 वर्षीय टीएनए नेता राजावरोतियम सम्पंथन के आवास पर बैठक की।इसका उद्देश्य देश में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए राजनीतिक स्वायत्ता की मांग के सिलसिले में अगले महीने प्रस्तावित विक्रमसिंघे की सर्वदलीय बैठक में संघीय व्यवस्था पर जोर देना है। बैठक में जो ‘फार्मूला’ तय किया गया, उसमें नये संविधान में तमिल क्षेत्रों का विकेंद्रीकरण करने सहित रूकी पड़ी प्रांतीय परिषद के चुनाव कराना और तमिलों की भूमि कथित तौर पर सरकार द्वारा हड़पने को रोका जाना शामिल है। टीएनए सूत्र ने बताया कि राजनीतिक दल राष्ट्रपति से मिलने से पहले फिर से बैठक करेंगे। विक्रमसिंघे ने बुधवार को सभी राजनीतिक दलों को वार्ता के लिए बुलाया था, जिसका उद्देश्य अगले साल चार फरवरी तक तमिल जातीय मुद्दे का समाधान करना है। विक्रमसिंघे ने संसद में कहा था कि वह 11 दिसंबर के बाद बैठक करने को इच्छुक हैं।

अफगानिस्तान के 95 फीसद लोगों के पास रोटी के लाले

काबुल। तालिबान शासित अफगानिस्तान की आधी आबादी खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही हैं। यहां की 95 फीसदी आबादी के पास खाने के लिए पर्याप्त भोजन ही नहीं है। इस देश में पांच से कम आयु के 10 लाख से अधिक बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार

हो चुके हैं। यह आकलन संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का है। ह्यूमन राइट्स वॉच के एक्सपर्ट के मुताबिक 15 अगस्त 2021 से ही अफगानियों का जीवन नर्क जैसा हो गया है। ये देश दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकट का सामना कर रहा है। लोग भूख से मर रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हालात इस कदर खराब हैं कि महिलायें अपने भूखे बच्चों को नींद की दवा खिलाकर सुलाने को बेवश हैं ताकि वह खाना न मांगे।

शिनजियांग-बीजिंग होते हुए शंघाई तक पहुंचा सरकार विरोधी प्रदर्शन, कोरोना लॉकडाउन से देशभर में बिफरे लोग

बीजिंग। चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया।

प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामने

चीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं।

एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

2019 के बाद सबसे अधिक मामले

24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोक

अमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।

चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैद

स्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं। लोगों को घर पर ही सारी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं।

कई जगह कैंप लगाकर जांच बढ़ा दी गई है। बीजिंग में इस सप्ताह एक प्रदर्शनी केंद्र में अस्थायी अस्पताल बनाया गया और बीजिंग इंटरनेशनल स्ट्डीज यूनिवर्सिटी में भी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने सपरिवार क्रिसमस ट्री को लाइट से सजाया

नानटुकेट। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सपरिवार ‘थैंक्सगिविंग’ के अवकाश के दौरान कुछ देरतक नानटुकेट में खरीदारी की। इसके बाद क्रिसमस ट्री को लाइट से सजाने के वार्षिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान बाइडन के साथ उनके कुछ

पोते-पोतियां भी थे। बाइडन और उनका परिवार मैसाचुसेट्स द्वीप पर थैंक्सगिविंग की छुट्टियां बिता रहा है। यहां उन्होंने अपने मित्र और अरबपति डेविड रूबेनस्टीन का एक शानदार परिसर किराये पर लिया है।

रूसी हमलों के बीच बिजली संकट ने बढ़ाई यूक्रेन की चिंता, भारी बर्फबारी में केवल चार घंटे मिलेगी सप्लाई

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी हमलों के बीच सर्दियों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, भारी बर्फबारी के बीच यहां भारी बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। देशभर में ब्लैकआउट की स्थिति हो गई है। बिजली उत्पादक खपत की जरूरतों के केवल तीन-चौथाई को कवर करने में सक्षम हैं। रिपोर्ट के अनुसार लोगों को केवल चार से पांच घंटे ही बिजली सप्लाई मिल रही है। हालांकि सर्दियों में बिजली की मांग गर्मी की तुलना में अधिक होती है। लोग अधिक संख्या में लाइट जलाते हैं और हीटर का उपयोग करते हैं।

फिलहाल चार घंटे ही बिजली मिलेगी: मुख्य परिचालन अधिकारी

कीव को बिजली सप्लाई करने वाली कंपनी यास्नो के मुख्य परिचालन अधिकारी सर्गेई कोवलेंको ने कहा कि शहर की स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन अभी भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि निवासियों को प्रति दिन कम से कम चार घंटे बिजली ही मिलेगी। कोवलेंको ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा अगर आपके पास पिछले दिन कम से कम चार घंटे बिजली नहीं है, तो डीटीईके कीव इलेक्ट्रिक नेटवर्क्स को लिखें, सहकर्मी आपको यह पता लगाने में मदद करेंगे कि समस्या क्या है?



रूसी हमलों के बाद 70 फीसदी क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी

रूसी सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचों पर नए सिरे से मिसाइल हमलों के बाद कीव के 70त्न हिस्से में बृहस्पतिवार सुबह बिजली गुल हो गई।

बुधवार देर रात किए रूसी हमलों के कारण कीव समेत पूरे यूक्रेन के अधिकतर हिस्सों में बिजली चली गई है। पहले से संकटग्रस्त यूक्रेनी विद्युत नेटवर्क की इन हमलों ने सर्दियां शुरू होने के बीच हालत और खराब हो गई है। इन हमलों के कारण पड़ोसी मालदोवा में भी बिजली का संकट पैदा हो गया है।

अमेरिका के गिरजाघर में किशोरी के अंतिम संस्कार के दौरान गोलीबारी, दो लोग घायल

वाशिंगटन। अमेरिका के नैशविले में इस महीने की शुरुआत में गोलीबारी की एक घटना में जान गंवाने वाली एक किशोरी के अंतिम संस्कार के बाद गिरजाघर से निकल रहे लोगों पर की गई गोलीबारी में दो लोग घायल हो गए। मेट्रो नैशविले पुलिस विभाग के प्रवक्ता डॉन आरोन ने बताया कि ‘न्यू सीजन चर्च’ में 19 वर्षीय टेरियाना जॉनसन के अंतिम संस्कार के बाद सुबह गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस समय शव को ले जाने वाला वाहन गिरजाघर के सामने खड़ा था और उसका पीछे का दरवाजा खुला था तथा लोग गिरजाघर से बाहर निकल रहे थे।पुलिस के मुताबिक, काले रंग की एक कार में बैठे एक या उससे अधिक हमलावरों ने गिरजाघर के पास से गुजरते समय गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि वारदात में एक गोली 18 वर्षीय एक किशोरी और एक अन्य गोली 25 वर्षीय एक पुरुष को लगी। आरोन के

अनुसार, दोनों घायल खतरे से बाहर हैं और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि जॉनसन के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए कुछ लोगों के पास हथियार थे और उन्होंने भी कार पर गोलियां चलाई।पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी जॉनसन के शव को बाहर लाए जाने से पहले हुई और उसके शव को बाद में दफनाया गया। प्राधिकारी 14 नवंबर को वाटकिंस पार्क में गोलीबारी में जॉनसन की हत्या के आरोप में 17 वर्षीय आरोपी की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि जॉनसन और संदिग्ध की बहन के बीच झगड़ा होने के बाद संदिग्ध ने कथित तौर पर उस कार पर गोलीबारी की थी, जिसमें जॉनसन सवार थी। इस हमले में जॉनसन की मौत हो गई थी।

26/11 मुंबई हमले के विरोध में जापान, अमेरिका में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन

टोक्यो/न्यूयॉर्क। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले की 14वीं बरसी पर दिवंगत आत्माओं के प्रति देश-विदेश में श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। इस हमले में आठ सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी

जापान की राजधानी टोक्यों में पाकिस्तान दूतावास के सामने लोगों ने एकत्रित होकर 26/11 के मुबंई आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। हमले में शहीद आठ भारतीय सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि व्यक्त की। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने हाथों में भारत का झंडा लेकर पाकिस्तान दूतावास के सामने काफी देर तक प्रदर्शन किया। इन लोगों के हाथों में एक पोस्टर था, जिसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा सरगना हाफिज सईद की तस्वीर थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

नेपाल में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज, प्रचंड मिले प्रधानमंत्री देउबा से

काठमांडू। नेपाल में हुए संसदीय चुनाव की मतगणना के बीच प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने सरकार गठन की संभावना तलाशने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस बीच प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष पुष्पकमल दहल प्रचंड ने मुलाकात की है। इस मुलाकात को नए सरकार के गठन की प्रक्रिया से जोड़कर देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नेपाल एक दशक से अधिक समय से राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। नेपाल में रविवार को प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के लिए मतदान हुए थे। मतगणना का कार्य सोमवार को शुरू हुआ था। प्रतिनिधि सभा में स्पष्ट बहुमत हासिल करने के लिए किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन को 138 सीटों की जरूरत पड़ती है।



नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने शनिवार तक मतगणना में संसदीय चुनाव में अपनी बढ़त बनाए रखी है। अभी तक प्रत्यक्ष मतदान चुनाव प्रणाली के तहत 150 नतीजे घोषित हुए हैं। इनमें से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 82 सीटों पर जीत हासिल की है। उल्लेखनीय है कि देश के 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होता है, जबकि 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है।

मतगणना के बीच प्रधानमंत्री आवास में हुई देउबा और प्रचंड की मुलाकात को अहम माना जा रहा है। बताया गया है कि दोनों अपने पांच दलीय सत्तारूढ़ गठबंध को जारी रखते हुए देश में नई सरकार बनाने पर राजी हुए हैं। प्रचंड की पार्टी की स्थाई समिति के सदस्य गणेश शाह ने दोनों नेताओं की मुलाकात में हुई चर्चा की जानकारी पत्रकारों को दी है। यह महत्वपूर्ण है कि करीब 18 महीने पहले ओली से अलग होने के बाद प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा को समर्थन दिया था। इसके बाद देउबा के नेतृत्व में पांच दलों की गठबंधन सरकार बनी थी।

वन्यजीव सम्मेलन से शार्क और कछुओं के संरक्षण को बढ़ावा मिला

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव सम्मेलन में शार्क, कछुओं, छिपकलियों और मेढकों की सुरक्षा के लिए कुछ अहम नियम बनाने की दिशा में कदम उठाये गये। इन जीवों की संख्या उनका व्यापार किये जाने के कारण घटती जा रही है। वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन (सीआईटीईएस) शुक्रवार को पनामा में संपन्न हुआ। संयुक्त राष्ट्र वन्यजीव सम्मेलन ने पांच सौ से अधिक प्रजातियों की सुरक्षा के साथ ही हाथीदांत व्यापार को फिर खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। हाथीदांत व्यापार पर 1989 में पाबंदी लगा दी गयी थी।वाइल्डलाईफ कंजर्वेशन सोसायटी की अंतरराष्ट्रीय नीति उपाध्यक्ष सुसैन लीबरमैन ने कहा, ‘‘ सीआईटीईएस से अच्छी खबर, वन्यजीव के लिए अच्छी खबर है क्योंकि यह संधि अंतरराष्ट्रीय संरक्षण के स्तंभों में एक है और पुख्ता तौर पर यह सुनिश्चित करेगा कि विभिन्न देश जैविक विविधता विघटन, जलवायु परिवर्तन और महामारियों के वैश्विक अंतर्संबंधित संकटों का मुकाबला करने के लिए एकजुट हों।’